संकल्प परिवर्तन का

रायबरेली, मंगलवार
19.03.2024
वर्षः 11
अंकः 188 पृष्ठः 08
मूल्यः 02 रूपया
स्थापितः वर्ष 2012
RNI-UPHIN/2012/46348

# नवसत्ता

15वां वर्ष विश्वास का

www.navsatta.com लखनऊ व रायबरेली से एक साथ प्रकाशित तथा समस्त उत्तर भारत में प्रसारित हिन्दी दैनिक

# चुनावी बॉन्ड पर एसबीआई को 21 तक देनी होगी सभी जानकारी

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)** सुप्रीम कोर्ट में आज इलेक्टोरल बॉन्ड पर छपे यूनिक कोड के मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने एसबीआई के चेयरमैन से कहा कि 21 मार्च शाम 5 बजे तक सारी जानकारी साझा करनी होगी। एफिडेविट भी दाखिल करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस एफिडेविट में लिखा हो कि आपने कोई जानकारी नहीं छिपाई है। साथ ही, कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी ये निर्देश दिया कि उनके पास जैसे ही एसबीआई से जानकारी आती है, वो अपनी वेबसाइट पर उसे अपलोड करें। कोर्ट ने एसबीआई को फटकार लगाते हुए कहा कि उसकी तरफ से कहा गया था कि बैंक को सारी जानकारी सामने रखनी होगी। इसमें बॉन्ड नंबर्स की भी बात की गई थी। कोर्ट ने कहा कि जानकारियां साझा करने में एसबीआई सेलेक्टिव ना रहे, उसके आदेशों का इंतजार ना करे। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान सीजेआईने कहा,सुनवाई के दौरान एसबीआई का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि उन्होंने पूरी जानकारी अच्छे से साझा करने के लिए ही वक्त मांगा था। इस पर सीजेआई जस्टिस चंद्रचूड़ ने

कहा,सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एसबीआई ने चुनाव आयोग को दो पार्ट में इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने और भुनाने वालों की लिस्ट तो मुहैया कराई थीं, लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड पर छपे यूनिक कोड्स की जानकारी नहीं दी थी। इससे चंदा देने वाली कंपनी और भुनाने वाले दल के आंकड़ों के मिलान नहीं हो पा रहे थे। इस मामले में कोर्ट ने 18 मार्च तक बैंक से जवाब मांगा था। इससे पहले 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी चुनाव आयोग को सौंपने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश के बाद एसबीआई ने 12 मार्च को सारा डाटा चुनाव आयोग को दे दिया था। चुनाव आयोग ने 14 मार्च को इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा जारी कर दिया था। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 763 पेजों की दो लिस्ट अपलोड की गई। एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों और व्यक्तियों की जानकारी दी गई, तो वहीं दूसरी लिस्ट में बॉन्ड कैश कराने वाली पार्टियों की जानकारी थी। इस लिस्ट के मुताबिक़, फ्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज कंपनी ने सबसे ज़्यादा 1,368 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे,। लिस्ट में दूसरा नाम मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का नाम है, जिसने 966 करोड़ रुपये का बॉन्ड खरीदा। वहीं राजनीतिक दलों की बात करें, तो चुनावी चंदा पाने वालों में बीजेपी अव्वल है. बीजेपी को चंदे के रूप में सबसे ज़्यादा 6986.5 करोड़ रुपये मिले। लिस्ट में जो दूसरा नाम टीएमसी का है। तृणमूल कांग्रेस को 1,609 करोड़ चंदे के तौर पर मिले हैं. साथ ही, कांग्रेस को 1,422 करोड़ रुपये मिले हैं। इसके अलावा 17 मार्च को चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर नए आंकड़े जारी किए थे। ये आंकड़े सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को दिए गए थे। नए आंकड़ों से पता चला कि डीएमके को फ्यूचर गेमिंग से 509 करोड़ रुपये मिले, जो कंपनी के कुल दान का लगभग 37 प्रतिशत है।

## कांग्रेस बोली, इलेक्टोरल बॉन्ड पीएम की हफ्ता वसूली योजना

चुनावी बांड मुद्दे पर केंद्र पर अपना हमला तेज करते हुए, कांग्रेस ने आज मोदी सरकार पर हफ्ता वसूली (जबरन वसूली) का आरोप लगाया और दावा किया कि कुल 21 कंपनियों, जिन्होंने चुनावी बॉन्ड के जरिये चंदा दिया है, को सीबीआई, ईडी या आईटी की जांच का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, हर गुजरते दिन के साथ, चुनावी बांड घोटाले की वास्तविक गहराई पर अधिक उदाहरण सामने आते हैं। आज हम प्रधानमंत्री हफ्ता वसूली योजना पर नजर डाल रहे हैं, जो चुनावी बॉन्ड घोटाले में भ्रष्टाचार के चार चैनलों में से दूसरा है 1. चंदा दो, धंधा लो 2. हफ्ता वसूली। 10 नवंबर, 2022 को, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार की शराब नीति में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अरबिंदो फार्मा के निदेशक पी सरथ चंद्र रेड्डी को गिरफ्तार किया और पांच दिन बाद, 15 नवंबर को गिरफ्तार किया। उन्होंने दावा किया कि अरबिंदो फार्मा ने 5 करोड़ रुपये के चुनावी बांड दान किये। उन्होंने कहा, अक्टूबर 2018 में आयकर विभाग द्वारा छापा मारे जाने के छह महीने बाद, नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ने अप्रैल 2019 में 30 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे। 7 दिसंबर, 2023 के शुरुआती घंटों में रूंगटा संस प्राइवेट लिमिटेड की तीन इकाइयाँ। रमेश ने आरोप लगाया कि रामगढ़ में लिमिटेड पर आयकर विभाग ने छापा मारा और 11 जनवरी, 2024 को कंपनी ने 1 करोड़ रुपये के 50 चुनावी बांड खरीदे। उन्होंने बताया कि इससे पहले, फर्म ने केवल अप्रैल 2021 में दान दिया था। कांग्रेस नेता ने दावा किया, हैदराबाद स्थित शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को 20 दिसंबर 2023 को आयकर छापे का सामना करना पड़ा। 11 जनवरी 2024 को कंपनी ने 40 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे। उन्होंने आरोप लगाया, नवंबर 2023 में, आयकर अधिकारियों ने कथित नकद लेनदेन के लिए रेड्डीज लैब्स के एक कर्मचारी पर छापा मारा। छापे के ठीक बाद, कंपनी ने 31 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे, इसके बाद नवंबर 2023 में 21 करोड़ रुपये और जनवरी 2024 में 10 करोड़ रुपये (कुल 84 करोड़ रुपये) खरीदे। रमेश ने कहा, ये सिर्फ प्रमुख उदाहरण हैं- कुल 21 फर्मों ने, जिन्होंने सीबीआई, ईडी या आईटी की जांच का सामना किया है, इस तथ्य के बाद चुनावी बांड दान किए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ठेका लो, रिश्वत दो और फर्जी कंपनी के माध्यम से शामिल है। उन्होंने आरोप लगाए, याद रखें, आईटी विभाग और ईडी प्रधानमंत्री हफ्ता वसूली योजना लागू करते हैं।

# बिहार में एनडीए में सीटों का बंटवारा,17 सीटों पर भाजपा और जेडीयू 16, चिराग को पांच सीटें

एजेंसी

**पटना, 18 मार्च (नवसत्ता)** बिहार में एनडीए गठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर सहमति बन गई है। बिहार में भाजपा 17 और जेडीयू 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, चिराग पासवान की पार्टी हाजीपुर सहित 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जबकि, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के खाते में एक-एक सीट गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से राजू तिवारी और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से रजनीश कुमार ने भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीटों के बंटवारे का ऐलान किया। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने सीट बंटवारे की घोषणा करते हुए बताया कि भाजपा बिहार में 17 और जनता दल यूनाइटेड 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम के खाते में एक-एक सीटें आई हैं। विनोद तावड़े ने लोकसभा सीट वाइज बंटवारे की जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, उजियारपुर, बेगूसराय, नवादा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर और सासाराम यानी बिहार की 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू वाल्मिकी नगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, गोपालगंज, सीवान, भागलपुर, बांका, मुंगेर, नालंदा, जहानाबाद और शिवहर सहित 16 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग पासवान की पार्टी हाजीपुर, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई में चुनाव लड़ेगी। जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा गया और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम काराकाट लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा ने कहा कि बिहार में जहां विपक्षी गठबंधन में अभी तक स्थिति साफ नहीं है, वहीं, एनडीए गठबंधन में सब कुछ तय हो गया है और हमारा गठबंधन इस बार बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें जीतने जा रहा है।

## राजनाथ ने अमेरिकी रक्षा मंत्री के साथ बातचीत की

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन के साथ टेलीफोन पर द्विपक्षीय संबंधों , क्षेत्रीय सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दोनों रक्षा मंत्रियों ने गत महीने दिल्ली में हुए 'इंडस एक्स' सम्मेलन तथा भारत में आज से शुरू हुए तीनों सेनाओं के द्विपक्षीय अभ्यास ' टाइगर ट्राइम्फ' की भी समीक्षा की। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना हिन्द महासागर क्षेत्र में 'एंटी पायरेसी' अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दोनों मंत्रियों ने भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग रोडमैप को लागू करने के तौर तरीकों पर भी चर्चा की। इसके अलावा रक्षा औद्योगिक क्षेत्र में सहयोग के मुद्दों जैसे अमेरिकी नौसेना के पोत की भारतीय शिपयार्ड में मरम्मत के विषय पर भी बात हुई।

# चुनाव से पहले आयोग एक्शन मोड में, छह राज्यों के गृह सचिव समेत बंगाल के डीजीपी को हटाया

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)** चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश, बिहार समेत छह राज्यों के गृह सचिवों को हटाने के निर्देश दिए हैं। आयोग की मीटिंग में एक्शन लेते हुए, चुनाव आयोग ने 2024 से पहले लोकसभा चुनाव के लिए सख्त रुख अपनाया है। इस निर्णय के अनुसार, आयोग ने 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का आदेश जारी किया है। इन राज्यों में गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, और उत्तराखंड के गृह सचिव शामिल हैं।चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार को भी हटा दिया है।

बंगाल में 2016 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी डीजीपी को चुनाव आयोग ने हटाया था। इस बार, इन अधिकारियों को हटाने के फैसले को लेकर चुनाव आयोग का कहना है कि ये एक्शन चुनावों में समान अवसर

सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। इसके साथ ही, बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल के साथ ही अतिरिक्त आयुक्त और उपायुक्त को भी हटा दिया गया है। वहीं, मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के जीएडी सचिव को भी हटाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोमवार, 18 मार्च को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की एक बैठक हुई, जिसमें ये फैसले लिए गए। देशभर में लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है। पूरे देश में 7 चरणों में चुनाव होंगे और 4 जून को नतीजे आएंगे। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को होगी। देशभर में इलेक्शन की प्रक्रिया 43 दिन तक चलेगी। जबकि 4 जून को नई सरकार का ऐलान हो जाएगा। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी, जबकि दूसरा चरण 26 अप्रैल, तीसरा 7 मई, चौथा चरण 13 मई, पांचवां फेज 20 मई, छठवां फेज 25 मई और सातवें चरण का मतदान 1 जून को होगा।

## लेखपालों व कानूनगो के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

संवाददाता

**ऊंचाहार-रायबरेली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** तहसील क्षेत्र में तैनात लेखपालों व कानूनगो के कार्य क्षेत्र में एसडीएम ने आचार संहिता लागू होने से पहले फेरबदल कर दिया। लेखपाल सितेश सिंह को ऊंचाहार से हटाकर डेलौली व शिवम सिंह को सिद्धौर से गंगेहरा गुलालगंज भेजा गया है।

लेखपाल दयाशंकर को पूरब गांव के साथ धर्मदासपुर, रविकांत को गंगेहरा गुलालगंज से हटाकर सिद्धौर के साथ भीख गांव की जि मेदारी दी गई है। प्रमोद गुप्ता को सवैयाधनी के साथ खोजनपुर व ऊंचाहार का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं रावेंद्र मौर्य को उमरन के साथ मवई व बिकई की जि मेदारी दी गई है।

कोमल यादव को धर्मदासपुर के साथ राजस्व निरीक्षक कार्यालय में चुनाव संबंधी कार्य के लिए संबद्ध किया गया है।

वहीं राजस्व निरीक्षक रत्नाकर शुक्ला को कुसुमी से हटाकर ऊंचाहार, अजय कुमार वर्मा को ऊंचाहार से कुसुमी व हरीलाल को जगतपुर के साथ चुनाव संबंधी कार्यों के संपादन की जि मेदारी दी गई है।

# टीएमसी सांसद ने पीएम मोदी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराई

एजेंसी

**पलनाडु, 18 मार्च (नवसत्ता)** टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव आयोग में आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराई है। गोखले का आरोप है कि पीएम मोदी ने आंध्रप्रदेश के पलनाडु में लोकसभा सीट चिलकलुरिपेट में एक चुनावी रैली में भाग लेने के लिए वायुसेना के हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 17 मार्च को पलनाडु जिले के बोपुडी गांव में एनडीए की चुनावी सभा को संबोधित करने गए थे। रैली से सामने आए वीडियो में वे वायुसेना के हेलिकॉप्टर से उतरते नजर आए थे। टीएमसी सांसद साकेत ने आंध्रप्रदेश चुनाव आयोग को दी शिकायत की कॉपी सोशल मीडिया एक्स पर भी शेयर की है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग ने 16 मार्च को चुनाव की तारीखों का ऐलान करते समय यह चेतावनी दी थी कि आचार संहिता के उल्लंघन से सख्ती से निपटा जाएगा। टीएमसी सांसद गोखले ने बताया कि उन्होंने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवाई है, न कि सुप्रीम कोर्ट में। क्योंकि जब चुनाव चल रहे हों और आचार संहिता लागू हो तो अदालतों को चुनावी मामलों में हस्तक्षेप करने की परमिशन नहीं है।

इसलिए पीएम मोदी पर चुनाव आयोग को ही कार्रवाई करनी चाहिए। एक यूजर ने चुनाव आयोग के 2014 के नोटिफिकेशन का हवाला देते हुए कहा कि एसपीजी सिक्योरिटी वाले लोग सरकारी वाहनों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

इस पर गोखले ने रिप्लाई किया कि यह मामला केवल बुलेटप्रूफ और एस्कॉर्ट व्हीकल जैसे जैमर कारों के लिए है। सुरक्षा कारणों के चलते आईएएफ हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल इसके तहत नहीं आता।आचार संहिता के नियम चुनाव प्रचार के लिए सरकारी मशीनरी के इस्तेमाल पर रोक लगाते हैं। 1975 में इंदिरा गांधी को विशेष रूप से इसी कारण से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। सांसद गोखले ने कहा कि यदि भाजपा ने भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर को किराए पर लेने के लिए भुगतान किया है तो चुनाव आयोग को हम सभी को यह बताना चाहिए कि भारतीय वायुसेना का हेलिकॉप्टर ही क्यों चुना गया।

**रिकॉर्ड** सामान्य दिनों में आने वाले श्रद्धालुओं की सर्वाधिक संख्या दर्ज की गई

# पांच लाख से अधिक शिवभक्तों ने दर्शन किया

संवाददाता

**वाराणसी, 18 मार्च (नवसत्ता)।** श्री काशी विश्वनाथ धाम अपने ही रिकॉर्ड ध्वस्त कर रहा है। सावन व शिवरात्रि समेत पर्व-त्योहारों पर तो यहां लाखों भक्त दर्शन के लिए उमड़ते ही हैं, पर रविवार (17 मार्च) जैसे सामान्य दिन में भी यहां पांच लाख से अधिक शिवभक्तों ने दर्शन किया। यह संख्या सामान्यतः विशिष्ट पर्वों पर आने वाले दर्शनार्थियों के बराबर है। 13 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पित होने के बाद श्री काशी विश्वनाथ धाम नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। काशी पुराधिपति देवाधिदेव महादेव के दर्शन के लिए निरंतर श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। योगी सरकार की तरफ से काशी में

श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध की जा रही हैं। नव्य व भव्य श्रीकाशी विश्वनाथ धाम मंदिर में सुविधा और सुरक्षा के चलते काशी में दर्शनार्थियों का आवागमन निरंतर बढ़ता जा रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के लगभग तीन हज़ार वर्ग फुट से, लगभग पांच लाख वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र में परिवर्तित होने के बाद धाम में सनातनियों का दर्शन के लिए तांता लगा रह रहा है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि 17 मार्च 2024 को सामान्य दिवस (पर्व के अतिरिक्त) दर्शनार्थियों की सर्वाधिक दैनिक संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित हुआ। इस दिन कुल 5,03,024 दर्शनार्थियों ने महादेव के दर्शन प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि कॉरिडोर लोकार्पण के पहले सामान्य दिनों में भक्तो की संख्या लगभग 20 से 30 हज़ार के आसपास रहती थी, जबकि लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या बढ़कर 1.5 लाख से 2 लाख हो गई थी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि सावन और शिवरात्रि में भक्तो की संख्या सर्वाधिक होती है, लेकिन सामान्य दिनों में ऐसा पहली बार देखने को मिला है, जब शिव भक्तों की संख्या एक दिन (रविवार 17 मार्च) को 5 लाख के पार हो गई है। ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (टीएएआई) उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सचिव प्रदीप राय ने बताया कि अयोध्या और काशी के टू वे सर्किट के लिए पर्यटकों का सबसे ज्यादा रुझान हो रहा है। दोनों धार्मिक शहरों में सबसे ज्यादा पर्यटक वीकेंड में आ रहे हैं।

# अजाम खान को सात साल की सजा,पांच लाख का जुर्माना

संवाददाता

**लखनऊ, 18 मार्च (नवसत्ता)।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री को बड़ा झटका लगा है। रामपुर की एमपी-एमएलए अदालत ने उन्हें डूंगरपुर मामले में सात साल की सजा सुनाई है। रामपुर के डूंगरपुर में मकान तोड़े जाने के चर्चित मामले में पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान को धारा 452 के तहत 7 वर्ष की सजा तथा 5,00,000 जुर्माना व धारा 427 में 2 वर्ष की सजा और एक लाख जुर्माना और धारा 504 506 में 2 वर्ष की सजा और 100000 जुर्माना की सजा सुनाई गई है। इसके अतिरिक्त रामपुर के पूर्व पुलिस उपाधीक्षक सिटी आले हसन खान और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान सहित तीन लोगों



को धारा 452 के तहत 5 वर्ष की सजा और 200000 जुर्माना तथा 427 ,506 ,504 के अंतर्गत एक-एक वर्ष की सजा और 50-50 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई।

यह सजा रामपुर के एमपी एमएलए विशेष अदालत सेशन ट्रायल डॉ विजय कुमार की अदालत ने सुनाई है। आजम खान को सजा दिए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेता और रामपुर से विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि यह गंभीर मामला था। लूट का मामला था। कोर्ट का फैसला बहुत ऐतिहासिक है। इस फैसले से उन लोगों को होश में आना चाहिए, सरकारी अधिकारियों और बाकी लोगों को कि सरकार में बैठे बड़े लोगों को खुश करने के लिए पदों का दुरुपयोग किया। सक्सेना ने कहा कि जिन लोगों ने पुरानी सरकार में अत्याचार किया उन सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी। आजम खान के खिलाफ लड़ाई और मजबूत हो रही है। रामपुर किसी का गढ़ नहीं है। ये केवल लोगों का खौफ़ था। आज वक्त सबको जवाब दे रहा है।

# कॉपियां जांचने नहीं पहुंचे 276 परीक्षकों को नोटिस

संवाददाता

**अमेठी, 18 मार्च (नवसत्ता)।** जिले के दो केंद्रों पर चल रहे यूपी बोर्ड की कॉपियों के मूल्यांकन के दूसरे दिन रविवार को चार प्रधान परीक्षक व 272 परीक्षक कॉपी जांचने नहीं पहुंचे। उपस्थित परीक्षकों ने हाईस्कूल के 13350 तो इंटर के 7388 कॉपियों का मूल्यांकन किया। मूल्यांकन कार्य से नदारद शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है।

शहर के रणंजय इंटर कॉलेज को आवंटित हाईस्कूल की 80,251 उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 52 प्रधान परीक्षक व 528 परीक्षक की तैनाती की गई है। रामनगर स्थित रणवीर इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की आवंटित 99,075 उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 40 प्रधान परीक्षक तो 414 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

रविवार को रणंजय इंटर कॉलेज में 52 प्रधान परीक्षक में से 48 ने व 528 परीक्षकों में 468 परीक्षक ही मूल्यांकन के लिए पहुंचे। यहां पर 64 शिक्षक अनुपस्थिति रहे। दूसरे दिन 13350 कॉपियां जांची गई। अब तक हाईस्कूल की 14029 कॉपियां जांची जा चुकी है।

रामनगर स्थित रणवीर इंटर कॉलेज में नामित 40 प्रधान परीक्षकों में सभी पहुंचे लेकिन, 414 परीक्षकों में 202 परीक्षक ही मूल्यांकन करने पहुंचे। इस केंद्र पर रविवार को 7388 कॉपियां जांची गई। अब तक इंटर के 8196 कॉपियों का मूल्यांकन हो सका है। मूल्यांकन कार्य की ऑनलाइन निगरानी के साथ पर्यवेक्षक तैनात करते हुए पारदर्शी तरीके से मूल्यांकन होने की बात माध्यमिक शिक्षा विभाग कह रहा है। विभाग का दावा है कि अनुपस्थित शिक्षकों को अंतिम नोटिस दी गई है।

मूल्यांकन कार्यक्रम सुचारु रूप से शुरू हो गया है। अनुपस्थित रहे शिक्षकों को भी तत्काल कार्यभार ग्रहण कर मूल्यांकन कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

# मुकदमा न दर्ज किए जाने से आहत दुष्कर्म पीड़िता ने किया आत्मदाह का प्रयास

संवाददाता

**अमेठी, 18 मार्च (नवसत्ता)।** जिले के बाजार शुकुल थाने के एक गांव निवासी दुष्कर्म पीड़िता ने सोमवार को कार्रवाई न होने से कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपने ऊपर मिट्टी का तेल डाल लिया। जब तक वह माचिस लगाती तब तक मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। इस घटना से अफरातफरी मच गई। कई थानों की पुलिस को कलेक्ट्रेट बुलाकर महिला को जिला अस्पताल भिजवाया गया है। बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि आठ मार्च की शाम को सात बजे शौच के लिए घर से बाहर निकली थी तभी एकाएक कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया। आरोप है कि उन लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया साथ ही जान से मारने की भी कोशिश की। आरोप है कि उसकी कान की बाली, गले का मंगलसूत्र व पायल भी छीन लिया। पीड़िता का आरोप है कि इस घटना की सूचना उसने थाने पर दी। पुलिस ने उसे दिन भर थाने में बैठाए रखने के बाद भी उसका मुकदमा नहीं दर्ज किया। उसने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंची पीड़िता ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल डाल लिया। हालांकि जब तक वह माचिस खोजती तब तक वहां पर मौजूद लोगों ने पहुंचकर उसे बचा लिया। इस घटना से कलेक्ट्रेट में अफरा तफरी मच गई। वहां पर भारी भीड़ लग गई। कलेक्ट्रेट के अफसरों ने पुलिस अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। गौरीगंज कोतवाल शिवाकांत त्रिपाठी व एसओ महिला थाना ममता रावत ने मौके पर पहुंचकर महिला को अस्पताल पहुंचाया। एसओ बाजार शुकुल तनुज पाल का कहना है कि महिला का पति से विवाद चल रहा है। इस मामले में 2021 में महिला ने पति पर मुकदमा दर्ज कराया था। अब एक बार फिर उसने पति समेत अन्य के खिलाफ दुष्कर्म की तहरीर दी है। इस मामले की जांच उच्चाधिकारियों के स्तर से हो रही है।

## आरक्षी ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान

बाजारशुकुल थाना क्षेत्र की इफ्फत बानो पत्नी राजा को डिलीवरी के चलते रक्त की जरूरी पड़ी। राजा ने पत्नी को बचाने के लिए अपनी कई करीबियों के पास फोन करके कोशिश की, लेकिन रक्तदाता नहीं मिले। राजा ने किसी तरह मुसाफिरखाना सीओ कार्यालय में तैनात आरक्षी मोहित गुर्जर से संपर्क कर अपनी समस्या बताई। मोहित गुर्जर ब्लड की व्यवस्था करने का भरोसा दिलाया। अपने परिवार व सीओ मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह से इजाजत ली। इसके बाद आरक्षी मोहित, दीपक यादव व शुभम चौधरी करीब 35 किमी की दूरी तय कर कमरौली स्थित कृष्णा हॉस्पिटल पहुंचे।

# होलाष्टक शुरू, सजने लगी चौराहों पर होलिका

संवाददाता

**रायबरेली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** होलाष्टक लगते ही मांगलिक कार्यक्रम रुक गए। वहीं चौराहों पर होलिका लगने लगी हैं। शहर से लेकर गांव तक लोगों ने होलिका जलाने के लिए चौराहों पर लकड़ियां एकत्रित करना शुरू कर दिया है। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से होलाष्टक शुरू होता है जो पूर्णिमा के दिन होलिका दहन के साथ समाप्त होता है। ऐसी मान्यता है कि होलाष्टक से लेकर पूर्णिमा तक हिरण्यकश्यप ने भक्त प्रह्लाद को मारने के लिए कई यातनाएं दी थीं। आठवें दिन हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका की मदद ली थी। होलिका को यह वरदान था कि वह अग्नि में नहीं जलेगी। इसी कारण होलिका भक्त प्रह्लाद को अपनी गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई। भगवान विष्णु के आशीर्वाद से प्रह्लाद को अग्नि जला नहीं सकी और होलिका इस अग्नि में जलकर भस्म हुई। यह सारी घटना उन्हीं आठ दिनों में हुई थी। जिन्हें होलाष्टक के नाम से जाना जाता है।

इन आठ दिनों की अवधि को अशुभ माना जाता है। इसलिए यह समय किसी भी शुभ कार्य के लिए वर्जित माना जाता है। वाहन, घर खरीदने, भूमि पूजन, गृह प्रवेश, 16 संस्कार, नए व्यापार की शुरुआत और विवाह आदि शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। होली का त्योहार मात्र एक हफ्ते दूर होने से लोगों ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। सबसे पहले होलिका दहन के लिए लकड़ियां एकत्रित करना शुरू कर दिया है। शहर और गांवों में चौराहों पर होलिका लगने लगी हैं। वहीं गोबर से बल्ले आदि बनने भी शुरू हो गए हैं।

# बीयू युवाओं के कौशल को निखारकर दिलाएगा रोजगार

संवाददाता

**झांसी, 18 मार्च (नवसत्ता)।** युवाओं के कौशल को निखारने के लिए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में स्किल सेंटर खोला जाएगा। इसके तहत कौशल को निखारकर रोजगार दिलाया जाएगा। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान यानी पीएम उषा के तहत सेंटर खोलने के लिए बजट मंजूर हो गया है।

बीयू कैंपस में अगले शैक्षणिक सत्र से स्किल सेंटर शुरू हो जाएगा। अब तक छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन पर ही फोकस किया जाता है। प्लेसमेंट न होने पर छात्रों को रोजगार पाने के लिए भटकना पड़ता है। मगर स्किल सेंटर शुरू होने के बाद कौशल को निखारने का भी काम किया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञों को सेंटर में बुलाकर छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोर्स पूरा होने के बाद स्वरोजगार से लेकर रोजगार दिलाने का भी प्रयास

किया जाएगा। हाल ही में सेंटर में शुरू होने वाले सर्टिफिकेट कोर्सों को लेकर विश्वविद्यालय में बैठक हुई। इसमें तय हुआ कि रिटेल, बैंकिंग, इंश्योरेंस, टूरिज्म, टेक्सटाइल डिजाइनिंग आदि विषय के सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। कंप्यूटर, तकनीकी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, एडवरटाइजिंग, कॉमर्शियल आर्ट कोर्स शुरू करने को लेकर भी चर्चा हुई।बीयू में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होने के बाद छात्र-छात्राओं का अच्छा रुझान देखने को मिलता है तो फिर डिग्री और डिप्लोमा कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। वहीं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वैकल्पिक विषय के रूप में इनकी पढ़ाई करने पर छात्र-छात्राओं को क्रेडिट भी मिल सकेगा।

## होली के बाद स्कूलों में पहुंचने लगेंगीं किताबें

**झांसी, 18 मार्च (नवसत्ता)।** परिषदीय स्कूलों में नए सत्र की किताबें होली के बाद पहुंचेंगीं। आचार संहिता लगने से पहले किताबों की ढुलाई का टेंडर हो गया है, लेकिन बजट अब तक जारी नहीं हुआ है। बेसिक शिक्षा परिषद ने विद्यालयों में नए सत्र प्रारंभ के पहले दिन ही किताबें पहुंचाने की तैयारी की थी। सत्र समाप्ति में ही किताबों की छपाई का ऑर्डर और ढुलाई का टेंडर करने के निर्देश परिषद ने जारी किए थे। लगभग 13 लाख किताबों की छपाई के लिए जिले से ऑर्डर दिया गया। अब तक लगभग ढाई लाख किताबें जिले में आ चुकी हैं।

# सांड़ ने किसान पर किया हमला, मौत

संवाददाता

**अमेठी, 18 मार्च (नवसत्ता)।** मुंशीगंज थाने के दरपीपुर गांव में रविवार को खेत की रखवाली करने गए एक किसान पर सांड़ ने हमला बोल दिया। घायल किसान को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मुंशीगंज के दरपीपुर गांव निवासी रामपाल (45) रविवार को फसल निगरानी करने गए खेत गए थे। जब वह खेत से लौट रहे थे, उस समय सांड़ ने हमला बोल दिया।

जब तक वह कुछ समझ पाते तब तक सांड़ ने उन्हें घायल कर दिया। उनकी चीख पर लोगों ने पहुंचकर सांड़ को भगाया। गंभीर रूप से घायल रामपाल को लेकर परिजन व ग्रामीण मुंशीगंज अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने रामपाल को मृत घोषित कर दिया।

रामपाल के मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी विमलेश मौत की सूचना पाते ही रोते-रोते बेहोश हो गई। बेटे रीतेश (21), अनुज(16) व लक्की (8) का रो रोकर बुरा हाल हैं।

एसएचओ शिवनारायण सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी, जिस पर शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा के आधार पर पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है।

# चुनाव के दौरान बेची गई शराब का देना होगा हिसाब

संवाददाता

**अमेठी, 18 मार्च (नवसत्ता)।** चुनाव में शराब बांटने की शिकायतें खूब होती हैं, ऐसे में आयोग चुनाव के दौरान बिक्री पर पूरी निगरानी रखेगा। शराब की दुकानों से हुई बिक्री को पिछले साल व अन्य वर्षों में अप्रैल व मई माह में हुई बिक्री के अनुपात में देखा जाएगा। इस तरह शराब की दुकानों को बिक्री का पूरा हिसाब देना होगा।

लोकसभा चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। शराब की दुकानों पर जिले के अफसरों की निगाह है। जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश आर्या ने बताया कि शराब की सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगा दिया गया है। दुकान पर होने वाली सभी गतिविधियों को 24 घंटे की निगरानी में रखा जाएगा। चुनाव आयोग दो साल का तुलनात्मक डाटा मांगता है। जिसमें 45 फीसदी से ज्यादा शराब

बिक्री होने पर उसका संतोषजनक जवाब देना होगा। ऐसे में सभी शराब दुकानदारों को इसके लिए पहले ही सचेत कर दिया गया है। शराब की बिक्री मानकों के अधीन ही करनी होगी। चुनाव के दौरान सभी को सतर्क होकर कार्य करना होगा।

जिले में शराब की 230 दुकानें हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि सबसे अधिक देशी शराब की 138, अंग्रेजी शराब की 45, बियर की 39, एक मॉडल शॉप व सात भांग की दुकानें हैं। सभी को नियमों के अधीन ही बिक्री के लिए कहा गया है।

## उत्तर पुस्तिकाओं में निकल रहे नोट

**रायबरेली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में शिक्षकों को कॉपी जांचने के दौरान रुपये भी मिल रहे हैं। किसी ने लिखा, गुरुजी मेहरबानी कर देना। कुछ ने प्रश्नों के उत्तर तो दिए, आखिर में लिखा, ठीक से तैयारी नहीं कर पाया, कृपया पास कर देना। रविवार सुबह 10 बजे से दूसरे दिन का बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हुआ। जीआईसी में इंटरमीडिएट की एक उत्तर पुस्तिका में परीक्षक को दो सौ का नोट मिला। एक छात्र ने लिखा कि गुरुजी मेहरबानी कर देना। यहां अलग अलग विषयों की 1,26,442 उत्तर पुस्तिकाएं आवंटित हैं। पूरे दिन में परीक्षकों ने 10,311 कॉपियां जांचीं।

# बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन की वार्षिक चुनाव के लिए हुई बैठक

संवाददाता

**लालगंज-रायबरेली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** अधिवक्ताओं ने आम सभा की बैठक कर होने वाले वार्षिक चुनाव पर परिचर्चा किया तथा चुनाव संपन्न कराने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। तहसील लालगंज में अधिवक्ता संघ के वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है ,चुनाव के माध्यम से नई कार्यकारिणी गठित करने के लिए बैठक हुई। जानकारी देते हुए अध्यक्ष शेर बहादुर यादव ने बताया कि संघ का वार्षिक चुनाव होता है वर्तमान कार्यकारिणी का समय पूर्ण हो चुका है, नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी गवर्निंग कौंसिल की होती है जिनकी मदद के लिए लक्ष्मीशंकर यादव को चुना गया है। मतदाता सूची का प्रकाशन 21 मार्च को किया जाएगा जिसके विरुद्ध आपत्तियां ली जायेगी। बैठक में शैलेश त्रिवेदी, विनय भदौरिया, घनश्याम यादव, ज्योतिरेंद्र मिश्र, राम नारायण श्रीवास्तव, अशोक शुक्ला, सुरेंद्र सिंह, ब्रजेश सिंह, सर्वेश सिंह, वीरेन्द्र चौहान, संतोष सिंह सुरेश यादव, शैलेश दिवेदी, सुरेश कुमार, राज बहादुर मौर्य, विनोद मौर्य, संजय सिंह, तरुण श्रीवास्तव, गिरीश बाजपेई, ओम प्रकाश दीक्षित, दुर्गेश शुक्ला, इंद्राज यादव, संजय अवस्थी अजय भारती मौजूद रहे।

## पिता ने पुत्र के लापता होने की दर्ज कराई गुमशुदगी

**रायबरेली,18 मार्च (नवसत्ता)।** भदोखर थाना क्षेत्र के गांव पूरे टेकई मजरे बिन्हौरा के रहने वाले एक बुजुर्ग ने एक शादी कार्यक्रम में जाने की बात कहकर निकले अपने पच्चीस वर्षीय पुत्र के घर वापस न लौटने पर कोतवाली नगर में एक लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए पुत्र के खोज बीन कराए जाने की गुहार लगाई है।

मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की खोजबीन शुरू कर दी है। गांव निवासी जगदीश शंकर पुत्र चंदु लाल ने कोतवाली नगर में प्रार्थना पत्र देते हुए पुलिस को बताया कि उसका पच्चीस वर्षीय पुत्र रवि शंकर घर से अज्ञात मित्र के यहां शादी में शामिल होने की बात कहकर कोतवाली नगर अंतर्गत कस्बान का पुरवा से लालगंज के पास जाने की बात कही थी। लेकिन उसके बाद से वह अभी तक घर नहीं पहुंचा है और न ही उसका कहीं अता पता चल सका है।

# वरिष्ठ पत्रकार चंद्र प्रकाश पांडे को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

संवाददाता

**लालगंज-रायबरेली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** वरिष्ठ पत्रकार, कवि सामाजिक चिंतक दादा चंद्र प्रकाश पांडे (बचुआ पांडेय) के निधन पर पर शोक सभा का आयोजन किया गया। व्यापार मंडल कार्यालय में आयोजित शोकसभा में विद्वत जनों ने चंद्र प्रकाश पांडे (बचुआ पांडे) के कृतित्व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि लालगंज क्षेत्र ने एक विद्वान मनीषी चिंतक को खो दिया है। आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया जगत ने एक पत्रकारिता का शीर्ष स्तंभ खोया है जिसकी भरपाई अब नहीं हो सकती है। सीएमपीएस के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि उनका बचपन पांडे मामा जी के साथ बीता है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। इसके अलावा डॉक्टर ओपी सिंह डॉक्टर एमडी सिंह, डॉक्टर विनय भदौरिया, राम प्रताप सिंह, डॉक्टर निरंजन राय, शेर बहादुर सिंह, प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, संजीव मिश्रा, रवि शंकर त्रिवेदी आदि विद्वानों ने श्रद्धेय प्रकाश पांडे को महान व्यक्तित्व का धनी, गीतकार साहित्यकार बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन अवनेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा मृत्युंजय बाजपेई, शिव प्रकाश पांडे याकूब खान, देवेश अग्निहोत्री, शेर बहादुर सिंह, शीतल गुप्ता, अशोक शुक्ला, उमेश श्रीवास्तव, विजय सिंह, विकास तिवारी, अजय सिंह मोहम्मद अफजल, राममिलन शर्मा, यशपाल सिंह, आशीष सिंह, रोहित सोनी, दीपू गुप्ता, आशुतोष पांडे, अपूर्व पांडे कौशलेंद्र सोनी, महेश सोनी रणविजय सिंह, यतीन सिंह चौहान, अमरपाल सिंह, संतोष सिंह, अप्पू शर्मा, विजय शंकर मिश्रा,राजेश सिंह फौजीआदि ने श्रद्धांजलि देते हुए परमपिता परमात्मा से पुण्यात्मा को श्री चरणों में स्थान देने की विनती की हैऔर इस दुख की घड़ी में परिवार को साहस एवं बल प्रदान करें। अंत में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि सभा का समापन हुआ।

# विश्व हिंदू परिषद की जिला योजना बैठक हुई संपन्न

संवाददाता

**लालगंज-रायबरेली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** रामलीला मैदान स्थित शिशु मंदिर के केशव सभागार मे अवध प्रांत के उपाध्यक्ष रामगोपाल त्रिपाठी की अध्यक्षता में विश्व हिंदू परिषद की जिला योजना बैठक हुई जिसमें प्रांतीय उपाध्यक्ष ने कहा कि पांच सौ सालो के निरंतर संघर्ष के बाद प्रभु श्रीरामलला अपनें जन्म स्थान पर विराजमान हो गए हैं। हमारा संकल्प पूर्ण हुआ है।विहिप की स्थापना के साठ वर्ष हो रहे हैं, अपनी स्थापना से विहिप के कार्यकर्ता अनवरत राष्ट्र हित और समाज कल्याण हेतु साधनारत हैं। यह समय हिंदू समाज के लिए अनुकूल है। इस अनुकूलता के उत्साही वातावरण को बनाए रखना है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अजय पांडेय ने कार्ययोजना प्रस्तुत करते बताया कि आगामी चैत्र राम नवमी को प्रति वर्ष की भाँति इस बार भी नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ ही दुर्गा वाहिनी की बहिनों द्वारा 16 मई को सीता नवमी के कार्यक्रम आयोजित किए जायेगें। मई माह में दुर्गा वाहिनी का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग बजरंग दल का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होगा जिसमें जिले की बहिनें और बजरंगी प्रशिक्षण प्राप्त करेगें। बैठक में विकास त्रिवेदी को बजरंग दल का सह संयोजक मनोनीत किया गया । बैठक में रूपेश अवस्थी, जिला मंत्री नीरज बाजपेई, रजनी शुक्ला विहिप नगर अध्यक्ष रमाशंकर बाजपेई पंकज पांडेय एडवोकेट, समीर मिश्रा अमन मिश्रा, पंकज तिवारी आदि उपस्थित रहें।

## बेदखली

मैं भरतलाल बहेलिया पुत्र रामआसरे बहेलिया नि. ग्राम पोस्ट खीरों, पर. खीरों, तह. लालगंज, जि.-रायबरेली का निवासी हूं, अपने छोटे पुत्र आजाद बहेलिया के गलत कृत्यों से क्षुब्ध व परेशान होकर जो आये दिन मारपीट, गाली गलौज आदि करता है। जिससे क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। तथा आज की तारीख से आजाद बहेलिया के द्वारा किये गये कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई संबंध नहीं है।

## बेदखली

मैं मुस्ताक अहमद पुत्र मो. सिद्दीक नि. ग्राम धमधमा, थाना-गदागंज, पर. तह. डलमऊ, जि.-रायबरेली का निवासी हूं, अपनी पत्नी हसीना बानो, पुत्री शबनूर, तथा लड़के गुलाम मो0, गुलामहुसैन व गुलाम नवी के गलत कृत्यों से क्षुब्ध व परेशान होकर जो आये दिन मारपीट, गाली गलौज आदि करते हैं। जिससे क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। तथा आज की तारीख से हसीना बानो, पुत्री शबनूर, तथा लड़के गुलाम मो0, गुलामहुसैन व गुलाम नवी के द्वारा किये गये कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई संबंध नहीं है।

# प्रधान व बीडीसी सहित सैकड़ों लोग हुए भाजपा में शामिल

संवाददाता

**लालगंज-रायबरेली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह और जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासवान ने अपने कर कमलों से लालगंज में एक समारोह के दौरान जनप्रतिनिधियों सहित अन्य सम्मानित जनों को भारतीय जनता पार्टी में शामिल कर भाजपा परिवार मोदी परिवार को बढ़ाने का काम किया है। भाजपा मिलन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भाजपा में शामिल होने वाले सम्मानित जनों का स्वागत करते हुए कहा कि आपका मिलना भाजपा परिवार को ताकत देगा। आप भाजपा परिवार के हिस्सा बन गए हैं। निश्चित रूप से इससे आपका भी विकास होगा। राज्य मंत्री ने कहा कि अब आप सभी के कंधों पर नरेंद्र मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करने की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने जन प्रतिनिधियों को आस्वस्त करते हुए कहा कि जब तक दिनेश प्रताप सिंह आपके साथ खड़ा है, आपके मान सम्मान में कोई आंच नहीं आएगी। राज्य मंत्री ने कहा कि मोदी जी का नेतृत्व देश को सम्मान दिलाने का काम कर रहा है। उन्होंने रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो विनम्रता के साथ क्षेत्र का विकास करेगा,उसी को जनता वोट देने वाली है। सेवा, सम्मान और विकास पर ही अब जनता वोट करेगी। उन्होंने कहा कि आज जिन लोगों ने भाजपा में विश्वास व्यक्त किया है दिनेश प्रताप सिंह पर विश्वास जताया है तो निश्चित रूप से यह विश्वास सदैव कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि जीत जाने के बावजूद 2024 में हार के भय से सोनिया गांधी रायबरेली छोड़ भागी हैं लेकिन मैं हारने के बावजूद रायबरेली में डटा हूं और आपके सुख-दुख में हर समय मौजूद रहता हूं। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासवान ने कहा कि मोदी जी की योजना हर घर हर हाथ तक पहुंची है। योजनाएं समाज के अंतिम गरीब व्यक्ति तक पहुंचती रहे इसके लिए 2024 में भी भाजपा सरकार जरूरी है। उन्होंने भाजपा में शामिल होने वालों का अभिनंदन भी किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष बच्चा पांडे ने कहा कि 2024 में भाजपा की सरकार बनेगी इसलिए रायबरेली में भी अगर कमल खिलेगा तो चहुमुखी विकास होगा। बेहटा कला के ग्राम प्रधान ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि भाजपा ही देश में रामराज ला सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे ने कहा कि मोदी और योगी ही इस देश को विकसित देश बना सकते हैं। उन्होंने सभी से रायबरेली लोकसभा चुनाव जिताने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला के द्वारा किया गया।इस अवसर पर आदित्य मिश्रा राहुल अग्निहोत्री, प्रधान बच्चा सिंह दुर्गा शरण पांडे, आशीष चौरसिया रामसरोहन यादव, अनूप शर्मा, बबलू सिंह, पूती मिश्रा, पवन कुशवाहा हीरालाल, कमलेश, राजकुमार कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, राजेश गब्बर, दीपक मिश्रा,संतोष सिंह, सच्चे लाल साहू, प्रधान छत्रपाल सिंह विजयपाल, वंश बहादुर, रज्जन लाल यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश सिंह घनश्याम सिंह, प्रधान संजय बाजपेई रामसुंदर यादव सहित सैकड़ो जन प्रतिनिधि और सम्मानित जन मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से महिला की जान गई

संवाददाता

**अमेठी, 18 मार्च (नवसत्ता)।** शाहमऊ गांव में महिला को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। शाहमऊ गांव निवासी सत्यप्रकाश की पत्नी श्यामा (55) रविवार शाम बाग से लकड़ी बीनकर घर जा रही थीं।

तभी सुरतीखेड़ा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से श्यामा को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। चालक कार लेकर भाग गया। परिजनों ने श्यामा को सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। माल इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक मृतका के बेटे अनिल की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# 15 लाख से आंगनबाड़ी केंद्रों में बनेंगे लर्निंग कॉर्नर

संवाददाता

**झांसी, 18 मार्च (नवसत्ता)।** परिषदीय विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी में लर्निंग कॉर्नर बनाए जाएंगे। इसके लिए 15.14 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। वहीं माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के तहत प्रतिमाह आंगनबाड़ी केंद्रों को 500 रुपये भी भेजे जा रहे हैं।

बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र को प्री-प्राइमरी के तौर पर विकसित करने की तैयारी है। हाल ही में आंगनबाड़ी केंद्र में लर्निंग कॉर्नर स्थापित करने के निर्देश जारी किए गए थे। जिले में 1354 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इनमें परिषदीय विद्यालय परिसर में 680 आंगनबाड़ी केंद्र चल रहे हैं। इन केंद्रों में लर्निंग कॉर्नर तैयार करने के लिए प्रति विद्यालय 8110 रुपये के हिसाब से 15.14 लाख का बजट जारी किया गया है। इसके अलावा आंगनबाड़ी में पंजीकृत महिलाओं के लिए 500 रुपये प्रति विद्यालय के हिसाब से बजट जारी किया गया है। इस कार्यक्रम में महिलाओं को कई जरूरी जानकारी दी जाती हैं। बीएसए नीलम यादव ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-प्राइमरी की तरह तैयार किया जाना है। यहां लर्निंग कॉर्नर तैयार करने के लिए बजट आवंटित किया गया है।

## सीवर टैंक की सफाई के दौरान तीन कर्मी बेहोश

**उन्नाव,18 मार्च (नवसत्ता)।** जिले में शहर के शिवनगर मोहल्ला स्थित सीवर लाइन चोक होने से मैनहोल खोल कर सफाई करने उतरे एक के बाद एक तीन सफाईकर्मी जहरीली गैस के प्रभाव से उसी में बेहोश हो गए। सूचना पर पहुंचे अन्य कर्मियों ने रस्सी आदि की मदद से तीनों को आनन-फानन निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। सीएमओ, सिटी मजिस्ट्रेट, ईओ और सफाई इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे।

# अटेवा की मांग: एक करोड़ की तत्काल आर्थिक सहायता, परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी

संवाददाता

**लखनऊ, 18 मार्च (नवसत्ता)।** रात्रि में मुजफ्फरनगर में वाराणसी से बोर्ड परीक्षा की कापियाँ लेकर पहुंचे शिक्षक स्व0 धर्मेन्द्र कुमार पुत्र रामकुमार निवासी-बैराठ, रामगढ जनपद-चंदौली को कापियों की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी चन्द्र प्रकाश द्वारा बार-बार तंबाकू मांगने पर आपत्ति किये जाने के विरोधस्वरूप चन्द्र प्रकाश द्वारा सरकारी कार्बाईन से गोली मार दी गयी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों द्वारा परीक्षण करने के उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना से शिक्षकों में भारी आक्रोष है प्रदेश बारे में चल रहे मूल्यांकन कार्य का शिक्षकों ने बहिष्कार किया। मूल्यांकन केदो पर शोक सभा का आयोजन एवं श्रद्धांजलि सभा किया गया। अटेवा सरकार से मांग करता है कि मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, तत्काल एक करोड़ की आर्थिक सहायता, पारिवारिक पेंशन एवं अन्य लाभ देने एवं दोषी पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाये। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय कुमार बन्धु ने कहा कि जिस प्रकार शिक्षक का शोषण किया जा रहा है ट्रक द्वारा बोर्ड कापियों भेजी जा रहा है, सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री डॉ नीरजपति त्रिपाठी ने कहा कि पीड़ित परिवार को सहायता यदि नहीं मिलती है तो मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। माध्यमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष आर पी सिंह ने कहा सरकार तत्काल कार्रवाई करे नहीं तो मूल्यांकन का बहिष्कार तो जारी रहेगी साथ चुनाव के बहिष्कार पर भी निर्णय लिया जाएगा। अंत में मृतक शिक्षक साथी के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई एवं प्रार्थना की गई परिवार को संबल मिले और 2 मिनट मौन रख कर सभी ने श्रद्धांजलि दी। शोकसभा का संचालन आर पी यादव ने किया और शोक सभा मे भारी संख्या में शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

# दहेज के दानवों ने निगल ली एक और बेटी की जिंदगी

संवाददाता

**महमूदाबाद, 18 मार्च (नवसत्ता)।** शादी में कन्या पक्ष द्वारा दहेज न मिल पाने के चलते आए दिन ससुराल पक्ष द्वारा मानसिक एवम शारीरिक रूप से प्रताड़ित एवम घायल युवती को मायके पक्ष के लोगों द्वारा लखनऊ स्थित पीजीआई में भर्ती करवाया गया। 24 दिन तक इलाज के पश्चात युवती की मृत्यु हो गई। मृतका के पिता प्रार्थनापत्र के आधार पर चौकी पैंतेपुर की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

कोतवाली महमूदाबाद के अंतर्गत ग्राम सेलुहामऊ निवासी प्रेमचंद्र वर्मा ने कोतवाली महमूदाबाद प्रभारी निरीक्षक को दिए गए प्रार्थनापत्र के आधार पर बताया कि उन्होंने अपने बेटी प्राची वर्मा की शादी 22 दिसंबर 22 को मीरानगर निवासी ज्ञान सिंह पुत्र रमेश चंद्र के साथ बड़ी धूम धाम के साथ अपनी हैसियत के अनुसार दहेज देकर किया था। किंतु विपक्ष के लोग दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और आए दिन बेटी को मारते पीटते थे। किंतु बेटी ने कभी भी इसका जिक्र नहीं किया। कि धीरे धीरे सब ठीक हो जायेगा। 22 फरवरी 24 की रात पति सहित परिवार के अन्य लोगों ने बेटी प्राची को बहुत पीटा और फटे पुराने कपड़ों में ही उसे मायके छोड़ आए। बेटी की स्थिति और सारी जानकारी मिलने के पश्चात उस 26 फरवरी 24 को लखनऊ स्थित पीजीआई में भर्ती करवाया जिस। 23 दिनों तक इलाज के दौरान 17 और 18 मार्च की रात करीब 12.30 प्राची की मौत हो गई। शव को मृतका के पैतृक आवास सेलुहामऊ लाया गया। जानकारी मिलते ही चौकी इंचार्ज पैंतेपुर आरक्षी गणों सहित मृतका के आवास पंहुचे । और शव को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय भेजा। पिता ने कोतवाली प्रभारी महमूदाबाद को विपक्षी गणों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह ने बताया मृतका का शव को पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद विपक्षीगणो के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# आईआईटी कर्मी की संदिग्ध हालत में मौत

संवाददाता

**कानपुर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** कानपुर में आईआईटी संविदा कर्मी की संदिग्ध मौत के मामले में सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट लगने से मौत की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही शरीर पर आधा दर्जन से अधिक चोट के निशान मिले हैं। वहीं परिजनों की मांग पर मृतक का डीएनए जांच के लिए ब्लड का सैंपल सुरक्षित कराया गया है।

काकादेव पुलिस ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। बिल्हौर के गांव गढ़ में रहने वाली शिक्षिका मनोरमा शुक्ला ने बताया कि उनका बेटा देवेश शुक्ला (24) आईआईटी में एक प्रोजेक्ट के तहत प्राइवेट नौकरी करता था। इसके साथ ही कल्याणपुर अवधपुरी में रहता था। मां ने बताया कि परिवार के लोगों से प्रॉपर्टी विवाद चल रहा है। मां का आरोप है कि प्रॉपर्टी हड़पने की नीयत से परिवार के लोगों ने ही उसे शराब पिलाने के बाद हत्या की है। शनिवार रात को काकादेव थाना क्षेत्र में गंभीर हालत में पड़ा मिला था।

काकादेव पुलिस ने उसे गश्त के दौरान हैलट में एडमिट कराया था। इलाज के दौरान रविवार को देवेश ने दम तोड़ दिया। अब सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी से मौत की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही शरीर पर भी आधा दर्जन से ज्यादा चोट के निशान मिले हैं। वहीं, दूसरी तरफ परिवार के लोगों ने प्रॉपर्टी विवाद के चलते बेटे का डीएनए जांच की मांग की है। परिजनों की डिमांड पर पुलिस ने डीएनए जांच के लिए पोस्टमार्टम के दौरान ब्लड का सैंपल भी सुरक्षित कराया है। काकादेव थाना प्रभारी काली प्रसाद गौड़ ने बताया कि परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच की जाएगी।

# आर्मी मेडिकल कोर पोस्ट कमीशनिंग पाठ्यक्रम के समापन पर परेड आयोजित की गई

संवाददाता

**लखनऊ, 18 मार्च (नवसत्ता)।** आर्मी मेडिकल कोर (नॉन टेक्निकल) पोस्ट कमीशनिंग कोर्स-2023 के सफल समापन पर 18 मार्च 24 को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज, लखनऊ में एक कोर्स समापन परेड आयोजित की गई। इस कोर्स में 49 नए कमीशन वाले एएमसी नॉन टेक्निकल अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने अस्पतालों और क्षेत्रीय चिकित्सा इकाइयों के लिए यूनिट प्रशासन और लॉजिस्टिक सहयोग में गहन प्रशिक्षण प्रदान करने वाले चौदह सप्ताह के पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। परेड को सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित किया गया । इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय, एसएम, वीएसएम कमांडेंट एएमसी सेंटर एवं कॉलेज, ओआईसी रिकॉर्ड्स और कर्नल कमांडेंट आर्मी मेडिकल कोर ने परेड की समीक्षा की। लेफ्टिनेंट अपूर्ब घोष को पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान हासिल करने के लिए रोलिंग ट्रॉफी और जीओसी-इन-सी सैन्य प्रशिक्षण कमान बुक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पाठ्यक्रम अधिकारियों को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और परेड के सावधानीपूर्वक संचालन के लिए उन सभी की सराहना की और उन्हें इसे बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। पेशेवर दक्षता के उच्चतम क्रम को बनाए रखते हुए सेना चिकित्सा कोर की परंपराएँ। जनरल ऑफिसर ने उन्हें सशस्त्र बलों के एक अधिकारी को परिभाषित करने वाले नैतिक मूल्यों और अखंडता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए चरित्र की ताकत और दृढ़ विश्वास के अटूट साहस के लिए प्रोत्साहित किया। पाठ्यक्रम अधिकारियों के 50 से अधिक गौरवान्वित माता-पिता और रिश्तेदारों के साथ बड़ी संख्या में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा अधिकारियों ने परेड देखी।

# ऑर्डनेंस फैक्ट्री कर्मचारी यूनियन ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

संवाददाता

**कानपुर नगर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** ऑर्डनेंस फैक्ट्री कर्मचारी यूनियन द्वारा अरमापुर यूनियन सभा भवन मे ऑर्डनेन्स फैक्ट्री के कार्यकारी निदेशक अजय सिंह का मार्च महीने मे सेवा निवृत होने के कारण आपका स्वागत और सम्मान किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय सिंह के साथ विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार शुक्ला उप महानिदेशक फील्ड यूनिट कानपुर, और आलोक कुमार कार्यकारी निदेशक फील्ड गन फैक्ट्री मौजूद रहे । कार्यक्रम कि अध्यक्षता ऑर्डनेंस फैक्ट्री कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष धीरज कुमार श्रीवास्तव ने किया कार्यक्रम का संचालन यूनियन के महामंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी ने किया द्य कार्यक्रम मे यूनियन के सभी पदाधिकारी, कार्यकारणी सदस्य, और आयुध निर्माणी के कर्मचारी साथी मौजूद रहे ।

# धारदार हथियार से हुई युवक की हत्या

संवाददाता

**बस्ती, 18 मार्च (नवसत्ता)।** बस्ती जिले के लालगंज थाना अंतर्गत इस्माइलपुर ग्राम निवासी एक युवक की रविवार की रात सोते समय धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी राजकुमार 35 पुत्र राम बृक्ष रामपुर बारह कोनी ग्राम में सूअर पालन का काम करता था। रविवार की रात वह पलहिया ग्राम में तीन लोगों के साथ किसी कार्यक्रम में भोजन करने गया हुआ था,रात को वापस लौटने के बाद उसने अपनी पत्नी विजयलक्ष्मी से फोन पर बातचीत किया था। सुबह परिजन उसे जगाने पहुंचे तो उसके सिर पर धारदार हथियार से प्रहार किया हुआ था और काफी खून इधर उधर फैला हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। मृत युवक राजकुमार के तीन बच्चे आरोही 9, आदित्य 7 तथा अनन्या डेढ़ वर्ष हैं । मृत युवक सूकर पालन के साथ साथ ट्रैक्टर एवं टैम्पो चलाने का भी कार्य करता था। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस नें घटना में संदिग्ध दो लोगों को हिरासत में लिया है।

# बच्चो को चित्रगुप्त की पूजा कर शुरू करना चाहिए दिन की शुरुआत : सचिदानंद

संवाददाता

**कानपुर नगर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** गोविंद नगर स्थित चित्रगुप्त धर्मशाले में कानपुर की पहली चित्रगुप्त कथा का आयोजन हुआ वृंदावन से आये कथा वाचक स्वामी सचिदानंद महाराज ने बताया कि वृंदावन में 15 एकड़ भूमि में भारत की प्रथम पीठ का निर्माण हो रहा है, जिसमे गुरुकुल धर्मशाला मंदिर आदि होगा कथा वाचक ने कथा करते हुए बताया कि चित्रगुप्त ब्रह्मा जी की सम्पूर्ण काया से निर्मित है इस लिए वह भगवान घर घर पूजनीय है। इसी कड़ी में आयोजक अभिषेक श्रीवास्तव सह प्रान्त प्रमुख श्री चित्रगुप्त पीठ ने बताया कि का कानपुर में पहली बार ये कथा की जा रही है और इस कथा में सनातन के सभी रूप है ये एक धार्मिक यज्ञ है। संयोजक राजन सक्सेना ने बताया कि हर घर चित्रगुप्त हर मन चित्रगुप्त के साथ घर घर हम गए कथा में सैकड़ो की संख्या में सभी वर्ग के लोगो ने कथा सुनी और भंडारे का प्रसाद पाया होली को देखते हुए फूलों की होली में सभी ने राधे कृष्ण के साथ भक्ति मय हो नृत्य किया। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से पंकज श्रीवास्तव आनंद पांडेय सुमित श्रीवास्तव वैभव कटियार प्रखर श्रीवास्तव अमन प्रधान हर्षित श्रीवास्तव हिमांशु निगम गौरव श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा में शामिल हुईं सांसद संगीता आजाद

संवाददाता

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बसपा सुप्रीमो मायावती को एक बड़ा झटका लगा है. बसपा सांसद संगीता आजाद बीजेपी में शामिल हो गई हैं। बसपा सासंद संगीता आजाद ने दिल्ली बीजेपी मुख्यालय में जाकर बीजेपी की सदस्यती ली। इसके साथ ही उनके पति पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन भी बीजेपी में शामिल हुए हैं।

इस दौरान उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे। वहीं इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा कुशवाहा भी बीजेपी में शामिल हुईं। सीमा कुशवाहा ने सालों तक निर्भया कांड में निर्भया की मां की वकील के रूप में सुप्रीम कोर्ट में केस लड़ा था। संगीता आजाद के बीजेपी में शामिल होने पर बीजेपी महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि संगीता आजाद सही मायनो में आज आजाद मान रही होंगी जो पीएम मोदी के नेतृत्व में काम करने आई हैं। वहीं उन्होंने कहा कि इनके क्षमता का पूरा उपयोग होगा और बीजेपी जब नारी शक्ति के लिए बढ़ चढ़कर काम कर रही हो ऐसे में सीमा जैसे लोगों का उपयोग पार्टी करेगी। यूपी की डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा संगीता आजाद का स्वागत है. बीजेपी की रीति और नीति को आगे बढ़ाने में पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देंगे। वहीं यूपी बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा आज चुनाव की दहलीज पर खड़े हैं ऐसे में केंद्र और राज्य सरकार दोनों ने को कदम उठाए हैं। पीएम मोदी विकसित भारत के संकल्प के सपने को पूरा करने और अबकी बार 400 पार के नारे को मजबूती देंगे। इससे पहले मायावती की पार्टी के सांसद रितेश पाड़े ने भी बसपा को साथ छोड़कर बीजेपी का दामन थामा था। वहीं इससे पहले बसपा ने अपने सांसद कुंवर दानिश अली को खुद ही पार्टी से निष्काषित किया था। बता दें कि संगीता आजाद ने साल 2019 में यूपी की लालगंज सीट से बसपा के टिकट पर चुनाव जीता था। इस चुनाव में संगीता आजाद ने बीजेपी की नीलम सोनकर को हराया था।

# धारदार हथियार से पत्नी को उतारा मौत के घाट, खुद लगा ली फांसी

संवाददाता

**महमूदाबाद, 18 मार्च (नवसत्ता)।** मजदूरी कर घर खाना खाने आए मजदूर ने खाने में देरी देख पत्नी से झगड़ा कर लिया। कहासुनी धीरे धीरे मारपीट में तब्दील हो गई। जिसके बाद मजदूर पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से कई प्रहार कर डाले। जिसकी वजह से पत्नी ने मौके पर दम तोड़ दिया।

पत्नी को मौत के घाट उतारने के उपरांत पति ने घर में ही फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ज़िला मुख्यालय भेज दिया। महमूदाबाद सर्किल क्षेत्र के थानगांव थाना इलाके के बरा मजरे कोतवालनपुरवा निवासी परसुराम (35) मजदूरी कर अपने परिवार की जीविका चलता था। सोमवार दोपहर मृतक मजदूरी करने गया था। दोपहर जब घर खाना खाने आया तो पत्नी प्रेम देवी (29) से खाना लगाने को कहा। मृतक पति पत्नी के बच्चों की मानें तो खाने मां खाना बना रही थी खाने में देर थी। इसकी को लेकर पिता और मां में कहा सुनी होने लगी। कहा सुनी धीरे धीरे मारपीट में तब्दील हो गई। जिसके बाद मृतक परशुराम ने पत्नी पर धारदार हथियार से कई प्रहार कर डाले जिससे प्रेमादेवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पत्नी को मौत के घाट उतारने के बाद पति परशुराम ने घर में ही खुद को फांसी लगा और अपनी भी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए ज़िला मुख्यालय भेज दिया।

# सीएसए के एनएसएस छात्र छात्राओं द्वारा बरसाना की लट्ठमार होली देखने

# निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

संवाददाता

**कानपुर नगर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** चंद्रशेखर आजाद चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट एक एवं यूनिट दो द्वारा संयुक्त रूप से सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ पी के उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। उद्घाटन संबोधन में कुलसचिव द्वारा कहा गया कि समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास करना ही राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में सृजनात्मक एवं रचनात्मक सामाजिक कार्यों के प्रति रुचि विकसित होगी तथा लोगों के साथ मिलजुल कर कार्य करने की प्रवृत्ति विकसित होगी। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित स्वरोजगार सृजन के लिए ग्रामीण युवकों को शिविर के माध्यम से मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, पशुपालन, नर्सरी तैयार करना, संरक्षित खेती आदि व्यवसायों से संबंधित दक्ष किया जाए ताकि ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था में सुधार किया जा सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट दो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्वेता द्वारा बताया गया कि शिविर के माध्यम से गांव में पर्यावरण संरक्षण तथा मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर वैज्ञानिक परिचर्चा होगी तथा धूम्रपान व नशा रोकथाम पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उनके द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं के योगदान पर भी विशेष वार्ता प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव द्वारा शिविर में साथ दिवसों की कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि जैविक खेती, आदर्श गृह वाटिका, खरपतवार प्रबंधन तथा किसानों की आय दो गुना करने आदि महत्वपूर्ण विषयों पर शिविर के दौरान कृषको, वैज्ञानिको व स्वयंसेवको का संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डॉ अर्चना सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा घर-घर जाकर वोट डालने की अपील की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिविर में उत्कृष्ट योगदान के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। सात दिवसीय शिविर में स्नातक कृषि एवं उद्यान के द्वितीय वर्ष के 100 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# देश-विदेश से उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता

**बरसाना, मथुरा, 18 मार्च (नवसत्ता)।** राधा रानी की नगरी बरसाने में विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली रसिया गायन के साथ के शुरू हुई। 16 श्रृंगार से होली के लिए सुसज्जित बरसाने की हुरियारिनों ने सोमवार शाम नंदगांव के हुरियारों पर प्रेम रस से भीगीं तड़ातड़ लाठियां बरसाई तो माहौल देखने लायक था। रंगों से सराबोर आसमान और ढालों की ओट में हुरियारे प्रेम पगी लाठियों से बचते देख, ऐसा लगा जैसे रंगीली गली में द्वापर युग लीला सजीव हो उठी हो। शाम करीब 5ः30 बजे लट्ठमार होली खेली गई। नंदगांव के हुरियारों पर बरसाने की हुरियारिनों ने लाठियां बरसाई, जिन्हें देखने के लिए लाखों की तादाद में लोग उमड़ पड़े। आलम यह था कि छतों से लेकर सड़कों तक पैर रखने की जगह नहीं थी। योगी सरकार में आयोजित हुए रंगोत्सव 2024 में चहुंओर रंग से नहाए लोग ही नजर आ रहे थे। हुरियारिनें सुबह से परंपरागत लहंगा- चुनरी पहनकर तैयारियों में जुटी रहीं। दोपहर करीब दो बजे कान्हा की प्रतीक ध्वजा लिए नंदगांव से हुरियारों के टोली आना शुरू हो गई। प्रिया कुंड पर बरसाना के गोस्वामी समाज के मुखिया के नेतृत्व में स्वागत किया गया और भांग की ठंडाई में केवड़ा, गुलाब जल और मेवा घोल कर हुरियारों को पिलाया। यहां हुरियारों ने अपने- अपने सिर पर पाग बांधी। जो बच्चे पहली बार होली खेलने आए, उनके पिता, दादा जब पाग बांध रहे थे तो लग रहा था जैसे अगली पीढ़ी को होली खेलने के लिए उत्तराधिकार दिया जा रहा हो। पाग बांध हुरियारे लाडली जी मंदिर पहुंचे। दरसन दै निकरि अटा में ते, दरसन दै... गाते हुए हुरियारों ने ध्वजा को किशोरी जी के पास रख दिया। मंदिर परिसर में दोनों गांवों के गोस्वामियों ने समाज गायन में एक- दूसरे पर प्रेम भरे कटाक्ष किए। इसके बाद हुरिया रंगीली गली में पहुंचे तो, हुरियारिनें रंगेश्वर महादेव मंदिर और घरों के दरवाजे पर घूंघट की ओट में टोल बना कर खड़ी मिलीं। उन्हें देख हुरियारों ने पंचम वेद के पदों का गायन किया तो हुरियारिनों ने भी रसियों से जवाब दिया। सवा पांच बजे एक हुरियारिन ने हुरियारों को खदेड़ने के लिए लाठी मारी, जिसे बड़ी कुशलता से ढाल पर रोक लिया। श्री लाडली जी मंदिर से लेकर रंगीली गली तक राधा- कृष्ण के जयकारे गूंजते रहे। भक्ति और प्रेम के रंग में रंगने के लिए श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ उमड़ी कि मंदिर में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। बरसाना में करीब एक हजार हुरियारिनें हाथ में लट्ठ लेकर मैदान में पहुंच गईं। नंदगांव से भी इतने ही ग्वाले आए। बरसाना की गलियों में हुरियारिनें जिधर घूमती, खलबली सी मच जातीं। पता नहीं कब किस पर लाठी बरसने लगे। बरसाना निवासी सुधा शर्मा कहती हैं कि वे तो राधा रानी की सखी हैं। उनके मन में नंदगांव के हुरियारों के प्रति प्यार उमड़ता है। लट्ठ नहीं ये तो प्यार से पगी लाठी है जो वार तो करती है, मगर दर्द नहीं। वहीं रंगीली गली की रानी खुशी से सराबोर थीं। उन्होंने कहा कि इससे ज्यादा उल्लास और खुशी का मौका और कोई हो ही नहीं सकता।

विचार मंच

हिन्दी दैनिक
नवसत्ता

# सम्पादकीय

## वोटरों की चौखट पर नेताओं को जांचने-परखने का सिलसिला

**उत्तर प्रदेश की 80 सीटों के लिये जबर्दस्त फाइटिंग देखने को मिल रही है। नेताओं द्वारा पुराने मुद्दों को तरासा जा रहा है तो नये मुद्दों को भी धार दी जा रही है। सभी दलों के नेता विरोधियों की गुगली से बचने के नजरें लक्ष्य पर जमाये हुए हैं। एक तरफ इंडी गठबंधन की पार्टियां समाजवादी पार्टी और कांग्रेस चुनाव में बेरोजगारी, मंहगाई, ईवीएम मशीन, साम्प्रदायिकता के सहारे बीजेपी और मोदी को घेरने में लगे हैं तो बीजेपी और एनडीए के अन्य नेता इंडी गठबंधन को परिवारवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण राष्ट्रवाद के सहारे गोल-गोल घुमाने में लगे हैं।**

दोनों की गठबंधन अपनी लकीर लम्बी खींचने में लगे हैं। इस बीच प्रत्याशियों के नाम की घोषणा का सिलसिला भी जारी है। कुल मिलाकर सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तमाम राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इस समय देश में प्रमुख रूप से दो गठबंधन नजर आ रहे हैं। एक तरफ एनडीए तो दूसरी तरफ इंडी गठबंधन है। वहीं कई क्षेत्रीय दल अपने-अपने राज्यों में चुनाव के लिये ताकत दिखा रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी भी एक ऐसा ही क्षेत्रीय दल है। इसीलिए राजनीतिक मैदान में जीत समीकरण स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। अखिलेश यादव पीडीए यानी पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक पॉलिटिक्स को स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, बसपा प्रमुख मायावती दलित अल्पसंख्यक पिछड़ा समीकरण को साधने का प्रयास कर रही हैं। इसी प्रकार कांग्रेस की कोशिश पिछड़ा अल्पसंख्यक वोट बैंक को अपने पाले में लाने की है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के स्तर पर अपने कोर वोट बैंक को साधने के साथ-साथ हिंदुत्व की राजनीति और विकास को जमीनी स्तर पर सेट किया गया है। वोटरों को अपने पहले में लाने की कोशिश हर दल कर रहा है। लेकिन ओपिनियन-एग्जिट पोल के रिजल्ट कुछ अलग ही तस्वीर दिखा रहे हैं। इसमें भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए बड़ी बढ़त बनाती दिख रही है।

बहरहाल,यूपी में मोदी-योगी मैजिक के आगे सब फेल हो रहे हैं। विपक्ष को बड़ा झटका लगता दिख रहा है। भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर 50 फीसदी से अधिक वोट पाते दिख रही है। यह स्थिति तब है, जब देश में नरेंद्र मोदी अपने कार्यकाल का दस साल पूरा कर रहे हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार सात वर्ष पूरे कर चुकी है। डबल इंजन की सरकार को लेकर यूपी में अभी तक एंटी इनकंबैंसी नहीं दिख रहा है। इसमें भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में बड़ी बढ़त बनाती दिख रही है। एक ओपिनियन पोल में भाजपा 74 सीटों पर जीत दर्ज करती दिख रही है। वहीं, दूसरे सर्वे में भाजपा को 77 सीटों पर जीत मिलती दिखाई गई है। इन सर्वे में विपक्ष का सफाया होता दिख रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर यह स्थिति क्यों बनी? इसके पीछे की वजह डबल इंजन सरकार की योजनाएं हैं। यूपी चुनाव 2022 के दौरान कोरोना काल में शुरू की गई फ्री राशन योजना का बड़ा असर दिखा। हालांकि फिर राशन के नाम पर अब जनता को जिस तरह से बरगलाया जा रहा है उससे राशन कार्ड धारकों में नाराजगी बढ़ रही है। सरकार बीपीएल कार्ड धारकों को छोड़कर अन्य कार्ड धारको को प्रति यूनिट पांच किलो अनाज जरूर दे रही है, लेकिन इसमें एक किलो बाजारा एक किलो गेहूं और तीन किलो चावल दिया जा रहा है, जबकि कम से कम यूपी में तो आम आदमी स्वास्थ्य कारणों से रोटी यानी गेहूं ही पसंद करता है,जो मात्र प्रति यूनिट एक किलो दिया जाता है। इससे राशन कार्ड धारकों में नाराजगी है। इसी तरह से आयुष्मान कार्ड बनवाने में भी जनता को परेशानी हो रही है। हां, यह जरूर है कि बीजेपी को मायावती के परंपरागत दलित वोट बैंक में इससे सेंधमारी करने में सफलता मिली। यूपी में करीब साढ़े तीन दशक के बाद कोई सरकार अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद दूसरी बार सत्ता में आने में सफल रही। योगी आदित्यनाथ एक बार फिर मुख्यमंत्री बने। उनका बुलडोजर मॉडल काफी कारगर रहा है। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी की योजनाओं को भी जमीन पर उतारने में कामयाबी मिली है। नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से किसान सम्मान निधि से लेकर उज्ज्वला योजना तक का लाभ लोगों को मिल रहा है। इसके अलावा आयुष्मान योजना से लेकर हर घर को नल का जल योजना तक को तेज गति से पूरा कराने में सफलता मिली है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसी योजनाएं जिलों को नेशनल और इंटरनेशनल लेवल तक ले जाने में कामयाब हुई है। एक्सप्रेसवे का निर्माण भी हो रहा है।

# मुद्दा

## मुंबई रैली से इंडिया गठबंधन ने सेट किया 2024 का एजेंडा

कुबूल अहमद

**लोकसभा चुनाव का ऐलान होने के साथ ही देश में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। 2014 और 2019 में बीजेपी की सफलता की इबारत लिखने वाले पीएम मोदी लगातार तीसरी जीत के लिए मशक्कत कर रहे हैं। बीजेपी को सत्ता की हैट्रिक लगाने से'इंडिया गठबंधन' हरहाल में रोकने का दांव चल रहा है। ऐसे में मुंबई के शिवाजी पार्क में कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की समापन रैली में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने एक दूसरे का हाथ पकड़कर एकजुटता का संदेश देते हुए बीजेपी को पराजित करने का संकल्प लिया। लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन ने अपना सियासी एजेंडा भी सेट कर दिया है।**

2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणा के एक दिन बाद खचाखच भरे शिवाजी पार्क में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने 'बीजेपी छोड़ो' का नया नारा दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो सिर्फ एक मुखौटा हैं। इंडिया गठबंधन की मुंबई रैली में महिलाओं और युवाओं की संख्या भी अच्छी खासी रही। राहुल गांधी से लेकर इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं ने एक सुर में जिस तरह से ईवीएम ईडी और इलेक्टोरल बॉन्ड का मुद्दा उठाया और मोदी सरकार को घेरते हुए नजर आए, उससे यह बात साफ है कि विपक्षी इसी 'ट्रिपल-ई' मुद्दों के बहाने 2024 के चुनावी मैदान में बीजेपी से दो-दो हाथ करने की रणनीति है?

ईवीएम को लेकर राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा, 'राजा की आत्मा ईवीएम, ईडी, सीबीआई, जैसे संस्थाओं में है'। राहुल ने कहा कि ईवीएम के बिना पीएम मोदी चुनाव नहीं जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन से हमने कहा कि एक काम कीजिए- विपक्षी पार्टी को ईवीएम मशीनें दिखा दीजिए, खोलकर हमें दिखा दीजिए। ये मशीनें कैसे चलती हैं, लेकिन नहीं दिखाई। फिर हमने कहा कि इसमें से कागज निकलता है, वोट मशीन में नहीं है, वोट कागज में है। राहुल ने कहा कि ईवीएम में कोई दिक्कत नहीं है तो वीवीपैट की पर्ची से चुनाव आयोग गिनती क्यों नहीं कराता। उन्होंने पूछा कि आखिर इसमें क्या दिक्कत है।

राहुल गांधी के सुर में सुर मिलाते हुए नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारुक अब्दुल्ला से लेकर आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने भी ईवीएम को लेकर निशाना साधा। फारुक अब्दुल्ला ने कहा कि ये लोग मशीन चोर हैं। कृपया ईवीएम मशीन पर नजर रखें कि आपका वोट कहां जा रहा है या किसी और को वोट जा रहा है। वहीं, सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ईवीएम सेट हो गई है। अगर ईवीएम से दस फीसदी वोट बढ़ेंगे तो आपको 20 फीसदी ज्यादा वोट लेकर आना होगा। साथ ही सभी विपक्षी नेताओं ने कहा कि अगर उनकी सरकार आती है तो ईवीएम को खत्म कर देंगे। इस तरह से विपक्षी ने ईवीएम को लेकर साफ संकेत दे दिया है कि वो ईवीएम पर सवाल उठाते रहेंगे।

राहुल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिए बिना कहा कि राजा की आत्मा ईवीएम, ईडी, इनकम टैक्स सीबीआई में है। इसी शक्ति के दम पर वो विपक्षी नेताओं को डराकर बीजेपी में शामिल करा रहे हैं। इसी राज्य के एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस छोड़ते हैं और उन्होंने मेरी मां से रोकर कहा था कि मेरे में इन लोगों की इस शक्ति से लड़ने की हिम्मत नहीं, मैं जेल नहीं जाना चाहता। ऐसे ही हजारों लोग डराए गए हैं। शिवसेना, एनसीपी सहित कई दलों के लोग यूं ही चले गए? वे सब डरकर बीजेपी में गए हैं।

राहुल गांधी ने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियों के जरिए विपक्षी नेताओं को डरा और धमकर बीजेपी में शामिल कराया जा रहा है। कांग्रेस ही नहीं तमाम विपक्ष नेता खुलकर ईडी के एक्शन और छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बता रहे हैं और विपक्षी जुबान बंद कराने का आरोप लगाते रहे हैं। ऐसे में साफ है कि राहुल गांधी ने जिस तरह से शिवाजी पार्क में इस मुद्दे को उठाया है, उससे साफ है कि चुनावी रैलियों में भी यही शोर सुनाई देगा। विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर इसे लेकर निशाना साध रहा है तो पीएम मोदी भी कहते रहे हैं कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर हमारी सरकार की जीरो टालरेंस नीति है। इससे साफ है कि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही इसे अपने-अपने हिसाब से चुनावी हथियार बनाने की कवायद में हैं।

इलेक्टोरल बॉन्ड का मामला ऐसे समय सामने आया है जब लोकसभा चुनाव की सियासी तपिश गर्म है। ऐसे में विपक्ष ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर बीजेपी और मोदी सरकार पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के पास भ्रष्टाचार की मोनोपॉली है।

आज चार तरीके से वसूली चल रही है। इसमें पहला है चंदा दो, धंधा लो। दूसरा है हफ्ता वसूली, तीसरा है ठेका लो, रिश्वत दो और चौथा और आखिरी शेल कंपनी है। राहुल ने कहा कि आज इलेक्टोरल बॉन्ड का सिस्टम निकाला, यहां सड़कों पर एक्सटॉर्शन चलता है, वो (बीजेपी) सरकार में कर रहे हैं। कंपनी को कान्ट्रैक्ट मिलता है, फिर वो सीधे इलेक्टोरल बॉन्ड खरीद लेते हैं। कंपनी को प्रॉफिट ही नहीं है और उससे ज्यादा पैसा वो बीजेपी को दे रही है। राहुल गांधी ही नहीं अन्य कांग्रेसी नेताओं ने कई मुद्दों को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। इस दौरान तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि 'इलेक्टोरल बॉन्ड बीजेपी का सफेदपोश भ्रष्टाचार है। इलेक्टोरल बॉन्ड बीजेपी के भ्रष्टाचार को साबित करता है। वहीं, कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा की एक रैली में इलेक्टोरल बॉन्ड का मुद्दा उठाते हुए बीजेपी पर निशाना साधा। इससे एक बात तो साफ है कि इलेक्टोरल बॉन्ड 2024 के चुनाव में विपक्ष एक बड़े सियासी हथियार के तौर पर इस्तेमाल करेगा।

विपक्ष के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव 'करो या मरो' वाली स्थिति का है, क्योंकि 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव हार चुके हैं। ऐसे में विपक्ष इस बार एकजुट होकर बीजेपी से मुकाबला करना चाहता है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के मंच पर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने शिरकत कर अपनी एकजुटता का संदेश दिया। इतना ही नहीं ईवीएम से लेकर ईडी और इलेक्टोरल बॉन्ड तक एक सुर में आवाज उठाई और मोदी सरकार पर हमलावर नजर आए।

# राजनीति

## मोदी तीसरे कार्यकाल में और तेजी से काम करने के लिए अभी से मुस्तैद

नीरज कुमार दुबे

**लोकसभा चुनाव के परिणाम वैसे तो 4 जून को आयेंगे लेकिन देश की जनता जिस तरह अबकी बार 400 पार का नारा लगा रही है उसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्णतः आश्वस्त हैं कि देश की जनता सेवा के लिए उन्हें तीसरा कार्यकाल सौंपने जा रही है। इसीलिए मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में लिये जाने वाले बड़े फैसलों की तैयारी अभी से शुरू कर दी है।**

उन्होंने हाल ही में अपनी मंत्रिपरिषद की बैठक में और चुनाव तारीखों के ऐलान के बाद बुलाई गयी मंत्रिमंडल की बैठक में अपने मंत्रियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि चुनाव में व्यस्त होने के बावजूद अपने काम सुचारू रूप से करते रहें। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कैबिनेट मंत्रियों से नयी सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने का निर्देश भी दिया है। प्रधानमंत्री ने रविवार सुबह केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नयी सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है।

हम आपको याद दिला दें कि तीन मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में ''विकसित भारत 2047'' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्ष के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया गया था। उस बैठक में, मई में नयी सरकार के गठन के बाद तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100

दिवसीय एजेंडे और उसके शीघ्र क्रियान्वयन के बारे में चर्चा की गई थी। हम आपको बता दें कि ''विकसित भारत'' के लिए 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है। इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों, नागरिक संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श तथा युवाओं के सुझावों को समाहित करते हुए ''सरकार का समग्र'' दृष्टिकोण शामिल है।

हम आपको बता दें कि चुनावों की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि अनिश्चितता से जूझ रही दुनिया में जो बात तय मानी जा रही है, वह है कि भारत तेज गति से विकास करता रहेगा। मोदी ने विपक्ष का नाम लिये बिना कहा कि वह (मोदी) ''राष्ट्र प्रथम'' से प्रेरित हैं जबकि ''वे (विपक्ष) परिवार प्रथम'' की सोच पर चलते हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपनी सरकार के सत्ता में बरकरार रहने का भरोसा जताते हुए कहा था कि लोग अगले पांच साल में निर्णायक नीतियां एवं फैसले देखेंगे और वह उनपर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि अगले पांच साल दुनिया के लिए एक स्थिर, सक्षम और मजबूत भारत की गारंटी होंगे और विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह अगली पीढ़ी को एक समृद्ध भारत सौंपना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री चुनावों की घोषणा होने के बाद से विपक्ष पर आक्रामक हैं लेकिन साथ ही जनता को वह यह भी बता रहे हैं कि उनका तीसरा कार्यकाल कैसा होगा। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा था कि उनकी सरकार के पिछले 10 साल उस 'गहरी खाई' को भरने में बीते हैं जो पूर्ववर्ती सरकारों ने बनाई थी।

उन्होंने कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रयास और बढ़ेंगे। उन्होंने कहा था कि अपने तीसरे कार्यकाल में देश के लिए बहुत सारे काम करने हैं। उन्होंने कहा, ''हम तेजी से भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए हमारे प्रयास और मजबूती से आगे बढ़ेंगे।'' मोदी ने कहा कि वह साफ तौर पर देख रहे हैं कि आने वाले पांच वर्ष उस सामूहिक संकल्प का कालखंड होगा जिसमें भारत की अगले एक हजार वर्ष की विकास यात्रा का रोडमैप होगा। उन्होंने कहा, ''ये समय भारत के सर्वांगीण विकास, समावेशी समृद्धि और वैश्विक नेतृत्व का साक्षी बनेगा।'' उन्होंने कहा कि 'हम विकसित भारत के लिए सामूहिक प्रयास करेंगे, और ये लक्ष्य हासिल करके रहेंगे'।

बहरहाल, देखा जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के साथ-साथ आगामी कार्यकाल की तैयारियों में अभी से जुट गये हैं ताकि नई सरकार बनने पर कार्ययोजना बनाने में समय लगाने की बजाय उस पर पहले दिन से काम शुरू किया जा सके। यह इस बात का संकेत है कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में सरकार की रफ्तार क्या रहने वाली है।

# अपनी बात

## महात्मा गांधी को क्यों सुनाई गई थी राजद्रोह की सजा?

दिनेश पाठक



**देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दृढ़ता और अहिंसा की राह पर चलने के संकल्प की कई बार समय ने परीक्षा ली। ऐसी ही एक परीक्षा उन्हें असहयोग आंदोलन के दौरान देनी पड़ी थी। असहयोग आंदोलन के दौरान हुई एक बड़ी हिंसक घटना के बाद उन्होंने आंदोलन ही वापस ले लिया था। इससे क्रांतिकारी, खासकर युवा उनसे नाराज हो गए। जनता भी क्रोध और निराशा से भर गई थी।**

साल 1919 में अंग्रेजों के लाए रोलैट एक्ट के विरोध में पूरा देश खड़ा था। लोग अंग्रेजों के खिलाफ एकजुट हो रहे थे। उसी साल 19 अप्रैल को जलियांवाला बाग में नरसंहार के बाद विरोध की ज्वाला और भड़क उठी और देश भर में अंग्रेजों के खिलाफ नाराजगी का माहौल पैदा हो गया। इसको महात्मा गांधी ने भांप लिया और असहयोग आंदोलन शुरू करने की घोषणा कर दी। इसको हर देशवासी से समर्थन मिलने लगा। सरकारी कर्मचारियों से लेकर छात्र गरीब, मजदूर और किसान तक आंदोलन में कूद पड़े और अंग्रेजी शासन की चूलें हिलने लगी थीं।

इसी आंदोलन के दौरान फरवरी 1922 में उत्तर प्रदेश में गोरखपुर के पास चौरीचौरा में भारी भीड़ ने प्रदर्शन के दौरान एक पुलिस थाने को आग के हवाले कर दिया था। इस घटना में कई पुलिस कर्मी मारे गए और महात्मा गांधी इससे बहुत निराश हो गए। उन्होंने अपना आंदोलन खत्म करने तक का ऐलान कर दिया। बापू ने दलील दी थी कि किसी भी तरह के आंदोलन की सफलता की नींव हिंसा के दम पर नहीं रखी जा सकती। हालांकि, उनका यह फैसला काफी बड़ा और कठिन फैसला था। असहयोग आंदोलन खत्म करने की घोषणा से पूरे देश के लोग निराश हो गए थे। वैसे तो सब यह जानते थे कि महात्मा गांधी ने इतना बड़ा फैसला है तो उसके निहितार्थ होंगे, लोगों के मन में गुस्सा भर गया था। इतिहास तो यहां तक मानते हैं कि तब गांधी जी का राजनीतिक भविष्य दांव पर लग गया था। सबसे ज्यादा तो युवाओं में नाराजगी थी। इसके कारण बहुत से लोग हिंसा के रास्ते पर उतर गए। खुद कांग्रेस के कई नेता भी महात्मा गांधी से नाराज हो गए थे। वैसे तो राष्ट्रपिता के खिलाफ खुल कर कुछ कहने या करने की कांग्रेसी नेताओं में ज्यादा हिम्मत तो नहीं थी फिर भी कई लोग अलग रास्ता तलाशने लगे थे। वहीं, असहयोग आंदोलन को मिल रहे अपार जनसमर्थन को देखते हुए अंग्रेजों के मन में भी घबराहट बढ़ रही थी। महात्मा गांधी पर कोई भी आरोप लगाकर गिरफ्तारी से डर रहा था। उन्हें डर था कि कहीं भारत की सत्ता उनके हाथ से चली न जाए। इसी बीच उन्होंने आंदोलन खत्म करने की घोषणा कर दी तो अंग्रेजों की बांछें खिल गईं। लोगों की निराशा देख अंग्रेजों के हौसले बढ़ गए और उन्होंने महात्मा गांधी पर राजद्रोह का आरोप लगा दिया। 10 मार्च 1922 को अंग्रेजों ने बापू को राजद्रोह के आरोप में ही गिरफ्तार कर लिया। वैसे अंग्रेजों ने महात्मा गांधी पर लगे राजद्रोह के आरोप का आधार यंग इंडिया में प्रकाशित हुए उनके तीन लेखों को बनाया था। आनन-फानन में उनके मुकदमे की सुनवाई हुई और न्यायाधीश ब्रूम फील्ड ने 18 मार्च 1922 को फैसला भी सुना दिया। बापू को राजद्रोह का दोषी करार देते हुए ब्रूम फील्ड ने छह साल की कैद की सजा सुना दी और महात्मा गांधी को जेल भेज दिया गया। महात्मा गांधी दो साल जेल में रहे तो उनकी तबीयत खराब रहने लगी। इससे अंग्रेजों को उन्हें रिहा करना पड़ गया।

# चिंतन

## अखिलेश यादव का सियासी प्रयोग, बीजेपी को नुकसान या बसपा को निपटाने का प्लान?

अमेन्द्र सिंह

**समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की कुल 80 लोकसभा सीटों में से अभी तक 41 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस बार के चुनाव में पीडीए पर पूरी तरह से फोकस रखा है। पीडीए फॉर्मूले के साथ-साथ अखिलेश यादव टिकट वितरण में एक नया प्रयोग कर रहे हैं, जिसके तहत जनरल सीट पर दलित उम्मीदवार का दांव खेला है। अखिलेश का अपने सियासी प्रयोग से बसपा को पूरी तरह से निपटाने का प्लान है या फिर बीजेपी को राजनीतिक नुकसान पहुंचाने का मकसद?**

सपा ने अभी तक यूपी में तीन जनरल लोकसभा सीट पर दलित समुदाय के प्रत्याशी उतारे हैं। फैजाबाद (अयोध्या) से अवधेश प्रसाद बिजनौर से यशवीर सिंह और मेरठ से भानु प्रताप सिंह (एडवोकेट) को उम्मीदवार बनाया गया है। यह तीनों सीट जनरल हैं और कैंडिडेट दलित समुदाय से हैं। इसके अलावा सपा ने 11 दलित समुदाय के प्रत्याशियों को उनके लिए आरक्षित लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। सपा का यह दांव लोकसभा चुनाव में क्या जीत की गारंटी बन पाएगा।

फैजाबाद (अयोध्या) जनरल लोकसभा सीट है। सपा ने इस सीट पर दलित समुदाय से आने वाले अवधेश प्रसाद को उतारा है, जो पासी जाति से आते हैं। बीजेपी ने लल्लू सिंह पर फिर से भरोसा जताया है, जो ठाकुर समुदाय से आते हैं। बसपा ने सच्चिदानंद पांडेय को प्रत्याशी बनाया है, जो ब्राह्मण समाज से हैं। फैजाबाद लोकसभा सीट पर बीजेपी और

बीएसपी ने सवर्ण कैंडिडेट उतारे हैं तो सपा-कांग्रेस गठबंधन ने दलित प्रत्याशी पर विश्वास जताया है। 2019 में लल्लू सिंह महज 65 हजार वोटों से जीत सके थे।

फैजाबाद लोकसभा सीट पर 22 लाख से ज्यादा मतदाता हैं, जिसमें 82 फीसदी आबादी हिंदू और 18 फीसदी मुस्लिम हैं। दलित मतदाता सबसे ज्यादा हैं, करीब सवा चार लाख के करीब हैं। इसके बाद साढ़े तीन लाख ब्राह्मण, ढाई लाख मुस्लिम, ढाई लाख यादव, दो लाख कुर्मी और एक लाख ठाकुर वोटर हैं। इसके अलावा वैश्य समुदाय से डेढ़ लाख, निषाद एक लाख, मौर्य 70 हजार और तीन लाख से ज्यादा अतिपिछड़े वर्ग का वोट है। दलित समुदाय के वोट में 50 फीसदी पासी समुदाय के लोग हैं, जिससे अवधेश प्रसाद आते हैं।

सपा ने अवध प्रसाद को उतारकर दलित-मुस्लिम-यादव समीकरण बनाने का दांव चला है तो बसपा ने सच्चिदानंद पांडेय के सहारे दलित-ब्राह्मण कॉम्बिनेशन बनाने की स्ट्रेटेजी अपनाई है। बीजेपी ने ठाकुर दांव खेला है, लेकिन उसकी कोशिश हिंदुत्व के सहारे अपने दबदबे को कायम रखने की है। सपा, बसपा और बीजेपी तीनों ही अयोध्या सीट जीतने का जबरदस्त तरीके से दांव चला है। मित्रसेन यादव अयोध्या में सपा और बसपा से जीत दर्ज करते रहे हैं लेकिन मोदी लहर के बाद सारे समीकरण बदल गए हैं। ऐसे में अखिलेश यादव ने यादव कैंडिडेट उतारने के बजाय पासी समुदाय से आने वाले अवधेश प्रसाद पर दांव खेला है।

मेरठ जनरल लोकसभा सीट है, लेकिन सपा ने दलित समुदाय से आने वाले सुप्रीमकोर्ट के वकील भानू प्रताप सिंह पर भरोसा जताया है। बसपा ने इस सीट पर देवब्रत त्यागी को टिकट दिया है जबकि बीजेपी ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। पिछले तीन चुनाव से बीजेपी के राजेंद्र अग्रवाल का कब्जा है, लेकिन इस बार पार्टी अपना प्रत्याशी बदलने के मूड में है। सपा और बसपा अभी तक इस सीट पर मुस्लिम कैंडिडेट उतारती रही है, लेकिन इस बार दोनों ने हिंदू कैंडिडेट पर विश्वास जताया है।

मेरठ लोकसभा सीट के सियासी समीकरण देखें तो दलित और मुस्लिम बाहुल्य वोटर्स का वर्चस्व माना जाता है। मुस्लिम 33 फीसदी तो दलित 22 फीसदी हैं। इस लिहाज से साढ़े पांच लाख वोटर मुस्लिम हैं और चार लाख के करीब दलित वोटर हैं। दलित समुदाय में जाटव जाति के लोग बड़ी संख्या में हैं। जाटव 3 लाख 14 हजार 788 हैं तो बाल्मीकि समाज 59,000 के करीब है। वैश्य समुदाय पौने दो लाख है तो ब्राह्मण और त्यागी वोटर भी करीब 2 लाख है। जाट समुदाय का वोट करीब सवा लाख है तो गुर्जर और सैनी समाज के वोटर्स डेढ़-डेढ़ लाख हैं।

सपा और बसपा दोनों ने मुस्लिम दांव खेलने के बजाय हिंदू दांव खेला है। सपा ने दलित-मुस्लिम समीकरण बनाने की कोशिश की है तो बसपा ने त्यागी-दलित गणित बैठाया है। बीजेपी ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन माना जा रहा है कि किसी वैश्य समुदाय के नेता को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतार सकती है। बसपा ने जरूर त्यागी कैंडिडेट उतारकर बीजेपी के सियासी समीकरण बिगाड़ने का दांव चला है जबकि सपा के जाटव उम्मीदवार उतारे जाने का विरोध भी सपा को उठाना पड़ सकता है। सपा ने मेरठ नगर निगम में मेयर के लिए गुर्जर समुदाय से प्रत्याशी उतारा था तो मुस्लिमों ने ओवैसी की पार्टी को बड़ी संख्या में वोट दे दिया था। ऐसे में सपा का दलित कार्ड कितना कारगर साबित होगा?

बिजनौर लोकसभा सीट पर सपा ने दलित समुदाय से आने वाले पूर्व सांसद यशवीर सिंह को प्रत्याशी बनाया है, जो धोबी जाति से आते हैं। बीजेपी ने यह सीट आरएलडी को दी है, जहां से पार्टी ने गुर्जर समुदाय से आने वाले चंदन चौहान को प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने जाट समुदाय से आने वाले चौधरी बिजेंद्र सिंह को टिकट दिया है। सपा ने इस सीट पर सियासी प्रयोग किया है और दलित कार्ड चला है जबकि मुस्लिमों का 40 फीसदी वोट है। इस तरह बिजनौर सीट पर तीनों ही प्रमुख पार्टियों ने हिंदू समुदाय से प्रत्याशी उतारे हैं।

आरएलडी से गठबंधन टूटने के बाद सपा पश्चिमी यूपी की सीटों के लिए अलग सियासी बिसात बिछा रही है। मेरठ और बिजनौर में दलित दांव खेला है तो मुजफ्फरनर सीट पर जाट कार्ड चला है। तीनों ही सीटों पर मुस्लिम समुदाय 30 फीसदी से ऊपर है। बिजनौर में आरएलडी ने गुर्जर और जाट दांव चला है तो सपा ने दलित मुस्लिम समीकरण तो बसपा ने दलित-जाट गणित बिठाने की स्ट्रेटेजी अपनाई है।

# कुछ-अलग

## तीन सीटों से अटल और दो सीटों से राहुल लड़ चुके हैं चुनाव

अंकित गुप्ता

**राहुल गांधी वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन यह संशय बरकरार है कि क्या वो अमेठी से चुनावी रण में उतरेंगे या नहीं। 2019 के चुनाव में वो अमेठी और वायनाड दोनों जगह से चुनाव लड़े थे। हालांकि, अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उन्हें हराया था। दो सीटों पर चुनाव लड़ने का यह कोई पहला मामला नहीं था। 2014 में पीएम मोदी वाराणसी और वडोदरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़े थे और दोनों सीटें जीते थे। 1957 में पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने तीन लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ा था।**

जनसंघ ने उन्हें लखनऊ, मथुरा और बलरामपुर से टिकट दिया था। लखनऊ से वो चुनाव हारे। मथुरा में उनकी जमानत जब्त हो गई, लेकिन बलरामपुर से जीत हासिल करके लोकसभा तक पहुंचे थे। ऐसे में सवाल है कि एक कैंडिडेट किसी लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ सकता है?

सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट आशीष पांडे के मुताबिक, कोई भी कैंडिडेट अधिकतम कितनी सीटों से चुनाव लड़ सकता है इसका जिक्र रिप्रेजेंटेशन ऑफ द एक्ट 1951 के सेक्शन 33(7) में मिलता है। नियम कहता है कि एक कैंडिडेट अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ सकता है। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि फिर 1957 में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी 3 सीटों से चुनाव कैसे लड़े। दरअसल 1951 के बाद कई बार ऐसे मामले सामने आए जब राजनीतिक पार्टियों ने एक कैंडिडेट को कई सीटों से उतारा। इसकी कई वजह होती थी। कई बार वोट काटने के लिए ऐसा किया जाता था और वहीं कई बार प्रभावी चेहरे को मैदान में उतारकर ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करने की रणनीति अपनाई जाती थी। ऐसा 1996 तक चला।

इसके बाद रिप्रेजेंटेशन ऑफ द एक्ट 1951 में संशोधन किया गया और सीटों की संख्या घटाई गई। संशोधन के बाद नियम बना कि एक कैंडिडेट लोकसभा चुनाव में दो सीटों से अधिक पर चुनाव नहीं लड़ सकता।

विशेषज्ञ कहते हैं, कई क्षेत्रों में प्रचार करना, चुनाव लड़ना, यह सरकारी संसाधन और धन की बर्बादी की वजह बन सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक कैंडिडेट जब दो सीटों से चुनाव लड़ता है तो जीतने के बाद भी उसे एक सीट छोड़नी पड़ती है। ऐसा करने के बाद वहां उपचुनाव की तैयारी शुरू हो जाती है। जिससे सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ता है। 2014 में पीएम मोदी ने वडोदरा और वाराणसी से जीत हासिल की थी। वो वाराणसी से सांसद बने और वडोदरा सीट छोड़ दी। जिसके बाद वहां उपचुनाव कराने पड़े।

2023 में सुप्रीम कोर्ट में इसको लेकर एक याचिका दाखिल की गई थी। जिसमें उम्मीदवारों को एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ने से रोकने की अपील की गई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया था। याचिका में रिप्रेजेंटेशन ऑफ द एक्ट 1951 के सेक्शन 33(7) की संवैधानिकता को चुनौती दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि इससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ पैदा करना अनुचित है क्योंकि इसके बाद उपचुनाव अवश्य होंगे क्योंकि उम्मीदवारों को एक सीट छोड़नी होगी।

# राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने दिया इस्तीफा, लड़ सकती हैं लोकसभा चुनाव

एजेंसी

**पुडुचेरी, 18 मार्च (नवसत्ता)।** तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने सोमवार को तेलंगाना के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया और अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेज दिया। तमिलिसाई सौंदर्यराजन के तमिलनाडु से लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। राजभवन ने एक बयान में कहा कि तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल डॉ. श्रीमती तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप दिया गया है।

तमिलिसाई सौंदर्यराजन का इस्तीफा उस दिन आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के जगतियाल में एक चुनावी रैली और तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक रोड शो करने वाले हैं। आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से सात चरणों में होंगे और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। चुनाव आयोग ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 7 चरणों में होंगे। बिहार में पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल से शुरू होगा और सातवें चरण का मतदान 1 जून को होगा। अन्य चरण 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होंगे। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को और आंध्र प्रदेश में 13 मई को होंगे। ओडिशा विधानसभा के लिए चुनाव होंगे। 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को चार चरणों में चुनाव होंगे। 26 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी उपचुनाव होंगे, कुमार ने दो नए चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की मौजूदगी में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

# निर्माणाधीन मकान झोपड़पट्टी पर गिरा, 2 की मौत, कई घायल

एजेंसी

**कोलकाता, 18 मार्च (नवसत्ता)।** गार्डेनरीच में निर्माणाधीन मकान झोपड़पट्टी पर गिरने से कई लोग घायल हो गए है। आपको जानकारी के लिए बता दें कि यह घटना रविवार आधी रात को कोलकाता नगर पालिका के वार्ड नंबर 134 में हुई है। खबर मिलते ही रात में ही कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अब तक के आए रिपोर्ट के मुताबिक 2 लोगों की मौत बताई जा रही है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी दक्षिण कोलकाता के मेटियाब्रुज में घटना स्थल पर पहुंचीं है जहां 5 मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई थी। आपको बता दें कि डब्ल्यूबी फायर और आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस के अनुसार, 2 मौतों की सूचना मिली है और 13 लोगों को बचाया गया है। खबर मिलते ही रात में ही कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे साथ में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया दल भी पहुंचा। मलबे से बचाव कार्य जारी है। खबर है कि अब तक 15 लोगों को बचाया जा चुका है। इनमें से पांच का एसएसकेएम के ट्रॉमा केयर में इलाज चल रहा है। सभी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। अभी भी कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। उन्हें ढूंढ़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अब तक 2 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। दोनों मृतक महिलाएं हैं। हालांकि मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

# सुप्रीम कोर्ट से 'आप' नेता सत्येंद्र जैन को झटका, सरेंडर करने का आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। जानकारी के अनुसार, शीर्ष कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर बाहर 'आप' नेता सत्येंद्र जैन से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तत्काल आत्मसमर्पण करने को कहा है। खबरों की मानें तो उन्हें आज ही सरेंडर करना होगा।

आपको बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में सत्येंद्र जैन को मई 2022 में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्होंने जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। पिछले साल मई में उन्होंने खराब सेहत का हवाला दिया था जिसके बाद उन्हें जमानत मिली थी। कई मौकों पर उनकी अंतरिम जमानत को बढ़ाने का काम किया गया था। सत्येंद्र जैन की ओर से नियमित जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई थी लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने साथ ही कहा कि आप तुरंत सरेंडर करें। पूर्व मंत्री जैन की ओर पेश हुए वकील विविके जैन ने खराब स्वास्थ्य का हवाला दिया था और सरेंडर के लिए एक सप्ताह के वक्त की मांग की थी। लेकिन कोर्ट ने अपील को भी खारिज कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सत्येंद्र जैन को एक बार फिर तिहाड़ जेल जाना होगा। आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी के नेता के खिलाफ 2017 में सीबीआई ने केस दर्ज किया था। उनपर आरोप हैं कि दिल्ली सरकार में मंत्री रहते हुए उन्होंने फरवरी 2015 से मई 2017 के बीच आय से अधिक संपत्ति अर्जित की।

# धारावी में सर्वे शुरु, 8 से 9 महीने में होगा पूरा

सैयद जाहिद अली

**मुंबई, 18 मार्च (नवसत्ता)।** मुंबई ,धारावी का सर्वे कमला रामन नगर माटुन्गा पुर्व से शुरु किया गया,उपजिलाधिकारी विनय गोसवी ने जय श्री पावसकर उर्फ नार्वेकर के रूम के बाहर नारियल फोडकर बायोमेट्रिक सर्वे की शुरुआत की, धारावी पुनर्विकास प्रकल्प द्वारा शुरु किए गए इस बायोमैट्रिक सर्वे की शुरुआत माटुन्गा पुर्व कमला रामन नगर से भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच की गई,इस मौके पर उपस्थित कार्यकारी अधिकारी श्रीनिवास ने कहा की आज से शुरु किया गया सर्वे 8 से 9 महीने मे पुरा कर लिया जायेगा,लेकिन मानसून की वजह से थोडी देरी हो सकती है ,उन्होने कहा की पहले सिर्फ ग्राऊंड फ्लोर के लोगो को ही पात्र माना जाए ऐसा था लेकिन अब सेकेंड और थर्ड फ्लोर को भी पात्र की श्रेणी मे रख्खा जायेगा ,थर्ड फ्लोर के लोगों के कागजात लेने के बाद पात्र किया जायेगा एक तरफ जारी घरों केहो रहे सर्वे को कुछ महिलाए और पुरुष आशा की नजरों से देख रहे थे , सविता संजय पवार ने बताया की सामने खडी दादर स्केपर बिल्डिंग की जगह 20 वर्ष पुर्व उनके झोपडे थे रेल्वे ने उन्हे उजाड दिया और आश्वासन दिया था की दो दिन मे सभी 10 परिवार को चाभी दे दी जायेगी ,लेकिन आज तक वो ना इधर के है ना उधर के ,

वरिष्ठ महिला लक्ष्मी गोरख कांबले ने बताया की हम कहाँ जाए ये जो लोग सर्वे कर रहे हैं इन्होने भी सर्वे करने से इन्कार किया है और कहते हैं हमे सिर्फ 390 घरों का सर्वे करना है वसन्ती हरि राम गुप्ता ने मयूस होते हुए बताया की हम सब नित्यानंद नगर और राजीव गांधी नगर मे रहते थे अब यहा कमला रामन नगर मे हम विस्थापित की जिन्दगी जी रहे हैं नित्यानंद नगर के लोगों की तरह कमला रामन नगर के लोगों का भी अंजाम होगा- धारावी बचाओं आन्दोलन धारावी बचाओं आन्दोलन के समन्वयक संजय भाले राव ने कहा की कमला रामन नगर मे अदानी के लोग सर्वे कर रहे हैं वो अधिक से अधिक लोगों को अपात्र करेंगे और अभी कमला रामन नगर के लोग सर्वे के पक्ष मे हैं,लेकिन भविष्य मे उनका भी अंजाम नित्यानंद नगर और राजीव गाँधी नगर के लोगों जैसा होगा।

# भीषण सड़क दुर्घटना, नौ लोगों की मौत, कई घायल

एजेंसी

**पटना, 18 मार्च (नवसत्ता)।** बिहार के खगड़िया जिले में सोमवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की जान चली गयी, जबकि कई घायल बताये जा रहे हैं. मरनेवालों में दो बच्चे शामिल हैं। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह दुर्घटना चौथम के मोहनपुर धमारा से शादी कर लौट रहे बारातियों के साथ हुई है। बताया जाता है कि परबत्ता प्रखंड के बेसा गांव निवासी इंद्रदेव ठाकुर के पुत्र की शादी से बारात लौट रही थी। टक्कर इतना जोरदार था कि बारातियों से लदी कार सड़क से काफी दूर गहरे गड्ढे में चली गई है, जबकि ट्रैक्टर भी सड़क किनारे पलट गया है। घटनास्थल पर फिलहाल जाम की स्थिति बन गई है मौके पर मौजूद पुलिस नियंत्रित करने में जुटी है। थाना अध्यक्ष संजय विश्वास घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार परबत्ता के बिठला गांव से बारात चौथम के मोहनपुर धमारा से शादी कर लौटने के दौरान यह दुर्घटना हुई है। बताया जाता है कि सीमेंट से लदे ट्रेक्टर से एसयूवी की सीधी टक्कर हो गयी। एक्सयूवी गा?ी पर सवार 7 बारात की मौत मौके पर ही हो गयी, जबकि दो लोगों की मौत ईलाज के दौरान हुई। घटना सोमवार सुबह 6ः30 बजे की बताई जा रही है। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच गई है। मामले की जांच की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान हो गयी है। सभी इंद्रदेव ठाकुर के नजदीक के संबंधी बताए जा रहे हैं। मृतकों के नाम- अमन कुमार पिता दिनेश ठाकुर उम्र 19 वर्ष, पता मानसी, मोनू कुमार पिता उमेश ठाकुर उम्र 11 वर्ष पता रोहियर,अंशु कुमार पिता विकास ठाकुर उम्र 22 वर्ष पता विसोनी परवत्ता, गौतम कुमार पिता विनोद ठाकुर उम्र 10 वर्ष पता बिठला बैसा, प्रकाश सिंह पिता रोहिन सिंह उम्र 60 वर्ष पता बिठला बैसा, बंटी कुमार पिता अर्जुन ठाकुर उम्र 22 वर्ष पता खजरैठा, पलटू ठाकुर पिता रामु ठाकुर उम्र 65 वर्ष पता लोनिया चक भरतखंड, दिलो कुमार पिता विकास ठाकुर उम्र 5 वर्ष पता लोनिया चक भरतखण्ड। घायलों में धर्मेन्द्र कुमार पिता कारेलाल शर्मा उम्र 27 वर्ष पता बिठला, कन्हैया कुमार पिता पप्पू ठाकुर उम्र 23 वर्ष पता मथुरापुर नारायणपुर, कुंदन कुमार पिता परमानन्द ठाकुर उम्र 32 वर्ष पता पुणोर पसराहा थाना, सचिन ठाकुर पिता नरेश ठाकुर उम्र 26 वर्ष पता ओलियाबाद भागलपुर। अब तक की जानकारी के मुताबिक मड़ैया थाना क्षेत्र के बिठला गांव निवासी इंद्रदेव ठाकुर के मंझले पुत्र की शादी समारोह में शामिल होने के लिए सभी लोग चौथम ठुठ्ठी मोहनपुर के धमहरा गये थे। वहां से सुबह लौटते वक्त एन एच 31 पसराहा विधारतन पेट्रोल पंप के समीप बारातियों से भरी वाहन सीमेंट लदे ट्रेक्टर से टकरा गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन पर दो बच्चों समेत कुल ग्यारह लोग सवार थे, जिसमें नौ लोगों की मौत हो चुकी है, दो लोगों का उपचार चल रहा है। घटनास्थल पर चीख पुकार मची है। इधर बिठला गांव में भी मातमी सन्नाटा है। गांव के सभी लोग घटनास्थल पर व अस्पताल में लगातार पहुंच रहे हैं।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** दिल्ली-अजमेर राजमार्ग पर सोमवार को सुबह एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सोमवार को सुबह चंदवाजी इलाके में हुआ जब एक कार राजमार्ग पर खड़े ट्रक से जा टकराई।

कार में सवार लोग नागौर जिले से शाहपुरा जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस घटना में पवन कुमार, संजना देवी, कपूरी देवी और मोनिका की मौत हो गई। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।



# विश्व कप और ओलंपिक चयन ट्रॉयल में शीर्ष पर रहीं तीरंदाज दीपिका

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने यहां आगामी विश्वकप और पेरिस ओलंपिक के लिए हुए चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने फरवरी में बगदाद एशिया कप में दो स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की। वह दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल पूरे सत्र में खेल से बाहर रही थीं। दीपिका ने भजन कौर अंकिता भक्त और कोमालिका बारी के साथ चार सदस्यीय टीम में जगह बनाई। विश्व यूथ की पूर्व चैंपियन बारी सिमरनजीत की जगह शामिल हुई। भारत को अभी महिला वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करना है। अंताल्या में 18 से 23 जून तक होने वाला विश्वकप ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालिफाइंग स्पर्धा है। भारत के लिए अब तक एकमात्र पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा पुरुष रिकर्व वर्ग में शीर्ष पर रहे। तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव और मृणाल चौहान पुरुष रिकर्व टीम के अन्य सदस्य हैं। राष्ट्रीय हाई परफोरमेंस निदेशक संजीव सिंह ने कहा, 'यह टीम अस्थायी है ओलंपिक के लिए और हम विश्वकप के पहले दो चरणों में उनके प्रदर्शन के आधार पर एक या दो बदलाव कर सकते हैं।'

# नौ साल बाद मिलेच स्टार्क खेलेंगे मैच

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** आईपीएल 2024 को शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष रहे गए हैं। सभी खिलाड़ी अपनी टीम के साथ जुड़ गए हैं और नेट्स पर खूब पसीना भी बहा रहे हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया एक स्टार तेज गेंदबाज और आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी मिलेच स्टार्क भी अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स से जुडने के लिए भारत आ गए हैं। बता दें, आईपीएल के ऑक्शन में स्टार्क को सबसे बड़ी रकम अदा करके अपनी टीम में शामिल किया था। ऑक्शन में केकेआर ने उन्हें 24.75 रुपये में खरीदा था। स्टार्क इससे पहले भी आईपीएल खेल चुके हैं। वह पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के तरफ से खेलते थे। जिसके बाद वह खेलना छोड़ दिए थे। अब नौ साल बाद उनकी आईपीएल में वापसी हो रही है। वहीं केकेआर ने स्टार्क की भारत पहुंचने की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। तस्वीरों में स्टार्क के चेहरे पर एक मुस्कान दिखाई दी, इस दौरान स्टार्क हाफ ब्लैक टी-शर्ट में नजर आए। स्टार्क ने आखिरी आईपीएल मुकाबला 2015 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेला था। मुकाबले में स्टार्क ने 4 ओवर में 27 रन खर्च कर 1 विकेट झटका था। वहीं आईपीएल 2024 में सभी की नजर स्टार्क पर रहेगी। क्योंकि वह आईपीएल में नौ साल बाद वापस आ रहे हैं साथ ही वह आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी भी है अब्द देखन ये है कि आईपीएल 2024 में वह कमाल कर पाते हैं या नहीं। ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिलेच स्टार्क ने साल 2014 में आईपीएल डेब्यू किया था। जिस दौरान उन्होंने दो सीजन तक अपनी सेवा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को दी. इस दौरान उन्होंने 27 मुकाबले खेले, जिनकी 26 पारियों में बॉलिंग करते हुए 20.38 की औसत से 34 विकेट झटके. इस दौरान स्टार्क ने 7.17 की इकॉनमी से रन खर्चे. टूर्नामेंट में स्टार्क का बेस्ट बॉलिंग फिगर 4/15 का रहा है. इसके अलावा 12 पारियों में बैटिंग करते हुए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने 96 रन बनाए, जिसमें हाई स्कोर 29 रनों का रहा.

# महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में ओडिशा क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** हरियाणा, ओडिशा और मिजोरम ने यहां हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। इस जीत की बदौलत हरियाणा और ओडिशा ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। हरियाणा अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पूल डी मैच में पुडुचेरी को 22-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की। ओडिशा ने पूल ई के मुकाबले में चंडीगढ़ को 6-1 से हराया, जबकि पूल एफ मुकाबले में मिजोरम ने राजस्थान पर 20-2 से जीत हासिल की।

तमिलनाडु और उत्तराखंड ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। तमिलनाडु ने पूल एच में गुजरात को 6-0 जबकि उत्तराखंड ने पूल जी मैच में दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव को मात दी।

# डब्लूपीएलः आरसीबी के खिताब जीतने पर गेल से लेकर सचिन व मैक्सवेल ने दी बधाई

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के महिला प्रीमियर लीग 2024 का खिताब जीतते ही सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। कई पूर्व क्रिकेटर्स और इस खेल के मौजूदा दिग्गजों ने सोशल मीडिया का सहारा लेकर टीम को और कप्तान स्मृति मंधाना को जीत की बधाई दी है। विराट कोहली ने तो आरसीबी की महिला टीम के लिए एक खास नाम का प्रयोग किया है। वहीं, क्रिस गेल से लेकर वीरेंद्र सहवाग तक ने इस फ्रेंचाइजी को खिताबी सूखा खत्म करने के लिए बधाई दी है। आरसीबी की जीत के बाद सचिन तेंदुलकर, हरभजन सिंह और शिखर धवन ने भी टीम को बधाई दी है। सचिन ने लिखा- आरसीबी की महिला टीम को महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतने की बधाई। भारत में महिला क्रिकेट सच में उत्थान पर है। वहीं, भज्जी ने लिखा आरसीबी की महिला टीम ने कर दिखाया है। अब क्या लड़के खिताबी जीत दोहरा पाएंगे। विराट और मैक्सवेल पर सबकी नजरें होंगी। विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर टीम को सुपरविमेन कहा है। वहीं, उन्होंने मंधाना और टीम के बाकी सदस्यों से वीडियो कॉल पर बातचीत की और उन्हें बधाई भी दी। वहीं, आरसीबी के ही पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल ने एक्स पर लिखा- आरसीबी की महिला टीम, डब्ल्यूपीएल की चैंपियन। एक बेहतरीन सीजन के लिए बधाई। नेशनल क्रिकेट एकेडमी के डायरेक्टर वीवीएस लक्ष्मण ने एक्स पर लिखा- डब्ल्यूपीएल की योग्य विजेता बनने पर आरसीबी को बहुत-बहुत बधाई।

पूरे समय दर्शकों का समर्थन देखना शानदार रहा और टूर्नामेंट अद्भुत रहा। वहीं, भारत के पूर्व ओपनर सहवाग ने लिखा- महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतने पर आरसीबी को बहुत-बहुत बधाई। इस टीम ने कठिन परिस्थितियों में शानदार टेम्परामेंट दिखाया और योग्य विजेता हैं। आरसीबी के फैंस के जश्न का वीडियो भी सामने आया है।

फैंस देर रात घर से निकलकर डांस करते दिखे। कई और क्रिकेटर्स, जैसे रॉबिन उथप्पा, इयान बिशप, बद्रीनाथ, दिनेश कार्तिक, मिताली राज, झूलन गोस्वामी, युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल ने भी टीम को बधाई दी है। मैच की बात करें तो रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल )के फाइनल मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.3 ओवर में 113 रन बनाए थे। आरसीबी ने 19.3 ओवर में दो विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लिया। दिल्ली को मजबूत शुरुआत मिली थी, लेकिन 64 के स्कोर पर पहला विकेट गिरने के बाद पूरी टीम 49 रन बनाने में ऑलआउट हो गई। दिल्ली के बल्लेबाजों ने बैंगलोर की स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ घुटने टेक दिए। शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। इसके अलावा मेग लैनिंग ने 23 रन की पारी खेली। वहीं, बैंगलोर की ओर से नौ विकेट स्पिनर्स ने लिए और एक विकेट (राधा यादव) रन आउट के रूप में गिरा। श्रेयांका पाटिल ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। वहीं, सोफी मोलीन्यूक्स को तीन विकेट मिले। आशा शोभना ने दो विकेट लिए। बैंगलोर की ओर से कप्तान मंधाना ने 31 रन, सोफी डिवाइन ने 32 रन बनाए। एलिस पेरी 35 रन और ऋचा घोष 17 रन बनाकर नाबाद रहीं।

# रविचंद्रन व अश्विन ने अपने सबसे बुरे समय का किया खुलासा

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** भारतीय टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने उस सबसे बुरे समय को याद किया जब उन्होंने क्रिकेट छोड़ने का मन बना लिया था। अश्विन ने बताया कि वो 2017 में क्रिकेट छोड़कर एमबीए डिग्री करने का मन बना चुके थे। 37 साल के ऑफ स्पिनर 2017 तक तीनों फॉर्मेट्स में भारतीय टीम के प्रमुख सदस्य थे। मगर 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ उनकी जमकर कुटाई हुई, जिसके बाद उनके करियर में बड़ा बदलाव आया। अश्विन ने फाइनल में 70 रन खर्च किए और कोई विकेट नहीं ले पाए थे। अश्विन को वेस्टइंडीज दौरे के बाद सीमित ओवर स्क्वाड से बाहर कर दिया गया था। अश्विन ने हाल ही में द इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा था, मैंने क्रिकेट छोड़ने का फैसला कर लिया था। मैं खुद से पूछ रहा था कि क्या करूं मैंने कहा कि जो भी जिंदगी में करूंगा, उसमें उच्चतम सफलता हासिल करने की कोशिश करूंगा और उस पेशे में सर्वश्रेष्ठ में से एक बनना चाहूंगा। मैं संभवत- एमबीए मार्केटिंग में करता। उन्होंने आगे कहा,भले ही मेरे पास मेरा परिवार है और मैं उनके पास वापस लौट सकता था, लेकिन मैं ज्यादा चीजें नहीं कह सकता था। मैं कह सकता हूं कि क्रिकेट कई मायनों में कॉर्पोरेट अफेयर की तरह है, जिसमें कुछ सरकारी संस्थागत गतिविधियां और जोड़ होते हैं। पता हो कि अश्विन को जब टीम से बाहर किया गया, उसके कुछ महीने पहले ही उन्हें 2016 में आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। रविचंद्रन अश्विन ने बताया कि भारतीय सफेद गेंद स्क्वाड से बाहर होने के बाद उनकी अपने पिता से बातचीत हुई, जिसके बाद उन्होंने टेस्ट क्रिकेट छोड़ने का मन भी बना लिया था। भाग?य की बात रही कि अश्विन को 2023 वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम से बुलावा आया और उन्होंने टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच खेला। मेरे पिता और मैं काफी लड़ते हैं।

# सुलतानपुर लोकसभा सीटः बीजेपी के लिए आसान नहीं होगा निषाद को पार पाना

- सुल्तानपुर सीट पर 18 लाख 34 हजार 355 वोटर
- यादव मुस्लिम और निषाद मिलाकर 7 लाख से ज्यादा
- निषाद वोटरों की संख्या करीब 2 लाख के आसपास
- बीजेपी से मेनका का टिकट कटा तो बढ़ेंगी मुश्किलें
- बीजेपी ने क्षत्रिय उम्मीदवार उतारा तो नाराज ब्राह्मण दे सकता है सपा को वोट

संजय श्रीवास्तव

**लखनऊ, 18 मार्च (नवसत्ता)** सुलतानपुर से समाजवादी पार्टी ने भीम निषाद को उतारकर एक बड़ा पैंतरा मारा है। इस सीट से लगी करीब 6 सीटों पर इसका चुनावी असर सपा के फेवर में जाता दिखता है। दरअसल सुल्तानपुर सीट पर तो लगभग दो लाख के आसपास निषाद वोटर हैं लेकिन इसके आसपास की सीटों जैसे जौनपुर मछलीशहर अकबरपुर अयोध्या प्रतापगढ़ भदोही मिर्जापुर से होकर वाराणसी तक हर सीट पर निषाद वोटरों की बड़ी संख्या है। 1952 से लेकर अब तक किसी भी लोकसभा में किसी दल ने सुल्तानपुर सीट से किसी निषाद को चुनाव मैदान में नहीं उतारा नतीजा जैसे ही इस बार समाजवादी पार्टी ने भीम निषाद के नाम की घोषणा की समूचे इलाके के निषादों में जश्न और उल्लास छा गया। जब इस इलाके के कई निषाद नेताओं से बात की तो अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया कि नदी को किनारों पर अमूमन झोपड़ों में रहने वाली इस बिरादरी में अपनों के लिए कितनी एकता है, जब चुनाव में कोई अपना खड़ा हो फिर वो चाहे जिस पार्टी से हो बस उसे ही जिताना है कोई और जाति बिरादरी उसे वोट दे या न दे लेकिन निषादों को तो एकजुट होकर 100 प्रतिशत उसे ही मतदान करना है। अब अगर ऐसा जुनून और जज्बा इस बिरादरी में अपनों के लिए है तो चुनावी गणित के लिहाज से कैंडिडेट बिरादरी वोट प्लस पार्टी का उस सीट पर बेस वोट जैसे इस सीट पर समाजवादी पार्टी का बेस वोट मुस्लिम प्लस यादव का मिलाकर लगभग 8 लाख हो जाता है इसके अलावा बीजेपी का कैंडिडेट अभी घोषित नहीं है लेकिन अगर मौजूदा सांसद मेनका गांधी का टिकट काटकर बीजेपी यहां से किसी क्षत्रिय उम्मीदवार को उतारती है तो तय मानिये भीम निषाद चुनाव जीतते नजर आ रहे हैं वजह बीजेपी की तरफ से ठाकुर उम्मीदवार आते ही करीब 50 प्रतिशत ब्राह्मण भी निषाद को वोट कर सकते हैं।

उपरोक्त तथ्य मै किसी भावना से आहत या प्रभावित होकर नहीं दिए जा रहे बल्कि सुल्तानपुर सीट के बीते चुनावों के जातीय समीकरणों पर पड़ने वाले वोटों के गुणा गणित के आधार पर और क्षेत्र के कई वरिष्ठ राजनीतिज्ञों, पत्रकारों और हर धर्म जाति के बीच में रहकर समाजसेवा का कार्य करने वाले लोगों से गहन परिचर्चा करने के फलस्वरूप निकले निष्कर्षो के आधार पर है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव नवीन कुमार जो बीते सप्ताह कई दिनों तक सुल्तानपुर में डेरा डाले रहे और इस लोकसभा सीट की कई विधानसभा क्षेत्रों में गए वो बताते हैं कि इसौली कादीपुर सदर और लंभुआ विधानसभा का काफी हिस्सा गोमती नदी के किनारों पर हैं और यहां बसने वाले गांवों डीह सैनी बनारसिन कुड़वार वचनपुर भाई खादर बसंतपुर मोडुआ सरांव भंडरा परसरामपुर अमऊ कालिया इमलिया कलां खुर्द में निषादों के साथ ही कई दर्जन पिछड़ी और दलित जातियां निवास करती हैं इनमें निषाद मल्लाह केवट बिंद माझि गड़रिया कश्यप प्रजापति लोनिया चौहान वनमानुष इत्यादि प्रमुख हैं। बीते कई लोकसभा चुनावों में इन जातियों को अपने में सो कभी कोई प्रत्याशी किसी पार्टी ने नहीं बनाया खासतौर से बीजेपी सपा और बसपा ने इन तीनों पार्टियों ने हर बार सवर्ण या मुस्लिम प्रत्याशियों पर ही भरोसा जताया नतीजतन ये जातियां या तो बीजेपी या फिर स्थानीय स्तर पर हावी नेताओं के कहने पर सपा या बसपा के खाते में ही अपना वोट डालती आई हैं। लेकिन इस बार जो तुरुप का इक्का समाजवादी पार्टी ने चला है और यहां से भीम निषाद को टिकट दिया है वो वाकई सुल्तानपुर सीट पर तो अप्रत्याशित नतीजे लाएगा ही साथ ही आसपास की अंबेडकरनगर जौनपुर मछलीशहर अमेठी प्रतापगढ़ अयोध्या की सीटों पर भी निषाद जाति की एकता पर आधारित वोटों का गणित जिस दल के साथ जाएगा उसकी जीत की निश्चितता तो बढ़ेगी ही साथ ही जीत के आंकड़े भी। बस अब बहुत कुछ निर्भर करता है कि बीजेपी मेनका पर ही दांव लगाती है तो फायदे में रह सकती है पर यदि बीजेपी से ठाकुर उम्मीदवार आता है तो उसे ब्राह्मणों के वोटों को पाने के लिए नाकों चने चबाने पड़ेंगे गौरतलब होगा कि बसपा यहां से किसे अपना उम्मीदवार बनाती है बसपा यहां से अगर किसी मुस्लिम को उम्मीदवार बनाएगी तो सपा को नुकसान पहुंचा सकती है लेकिन अगर बसपा का उम्मीदवार दलित या पिछड़ी जाति का हुआ तो बीजेपी के लिए मुश्किलें बढ़ेंगी और सपा की राह आसान हो जाएगी।

## बहुजन समाज पार्टी का सम्पन्न हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

संवाददाता

**कानपुर नगर,18 मार्च (नवसत्ता)।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में 44 अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी नौशाद अली ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी देश की राष्ट्रीय पार्टी है और अब समय आ गया है कि देश में सर्व समाज के सममान के लिए बहुजन समाज पार्टी की सरकार केंद्र की सत्ता में आये और बहन मायावती के हाथों को मजबबूत करते हुए उन्हे प्रधानमंत्री बनाये।

44 अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से राजेश द्विवेदी को लोकसभा के उम्मीदवार घोषित किया। संचालन जिलाध्यक्ष राजकुमार कसान ने किया इस दौरान बीपी अंबेडकर, सूरज सिंह, प्रवेश कुरील, जीतेन्द शंखवार, मुकेश कठेरिया, अनिल पाल, रामशंकर कुरील, आमीन मुन्ना, अशोक कालिया सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी व भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चिक्कोडी सीट पर लगातार 30 साल रहा कांग्रेस का वर्चस्व

एजेंसी

**चिक्कोडी, 18 मार्च (नवसत्ता)।** कर्नाटक की एक लोकसभा सीट है। यह सामान्य के लिए आरक्षित है। बता दें कि चिक्कोडी लोकसभा क्षेत्र से 2019 में बीजेपी के अन्नासाहेब जोले कांग्रेस के प्रकाश बाबांना हुकेरी को 118877 मतों से हराकर सांसद बने थे। वहीं अन्नासाहेब जोले पर इस बार भी बीजेपी ने भरोसा जताया है। यह लोकसभा सीट बेलगाम जिले में आती है। चिक्कोडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 1957 में अस्तित्व में आया था। यह बेलगाम उत्तर से अलग होकर बना था। इस सीट पर 1957 में अनुसूचित जाति महासंघ के दत्ता अप्पा कट्टी सांसद चुने गए थे।

चिक्कोडी लोकसभा सीट पर अब तक कुल 16 बार चुनाव हुए हैं जिसमें से 9 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। इसके अलावा एक बार अनुसूचित जाति महासंघ, दो बार जनता दल एक बार लोक शक्ति और तीन बार इस सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। वर्तमान में यहां से बीजेपी के अन्नासाहेब जोले सांसद हैं। चिक्कोडी लोकसभा सीट का गठन साल 1957 में किया गया था। इस सीट पर पहली बार अनुसूचित जाति महासंघ के दत्ता अप्पा कट्टी ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद यहां पहली बार कांग्रेस ने खाता खोला और 1962 के लोकसभा चुनाव में वीएल पाटिल सांसद चुने गए। इसके बाद कांग्रेस के ही टिकट पर 1967 1971, 1977, 1980, 1984 1989 और 1991 में लगातार सात बार बी शंकरानंद ने सांसद बनकर इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वहीं 1996 में जनता दल ने कांग्रेस के इस किले को ढहा दिया और रत्नमाला सावनूर यहां से सांसद चुनी गई। इसके बाद 1998 में लोक शक्ति से रमेश जिगाजिनागी लोकसभा पहुंचे।

## भाजपा-कांग्रेस के बीच तेज हुआ शक्ति युद्ध

संवाददाता

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** मुम्बई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह प्रतिक्रिया व्यक्त की ओर उस पर कांगेस के पलटवार ने साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में दोनों दलों के बीच शक्ति युद्ध ओर गहरायेगा। कांग्रेस ने आज का बिगूल फूंकने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि उनके लिए हर मां-बेटी 'शक्ति' का स्वरूप है और वह उनके लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे। एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभ् चुनाव में लड़ाई 'शक्ति के विनाशकों' और 'शक्ति के उपासकों' के बीच है और चार जून को स्पष्ट हो जाएगा कि कौन 'शक्ति' का विनाश करने वाला है और किसे 'शक्ति' का आशीर्वाद प्राप्त है। पलटवार में, कांग्रेस ने भाजपा की तुलना आसुरी शक्ति से की और आरोप लगाया कि देश ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार देख है और उन्नाव, कठुआ और हाथरस में बलात्कार के मामलों के साथ-साथ महिला पहलवानों के उत्पीड़न का भी हवाला दिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा, राहुल गांधी द्वारा आसुरी शक्ति पर हमला करने के बाद प्रधनमंत्री परेशान हैं और पूरी भाजपा आधारहीन बातें कर रही है। यह चुनाव आसुरी शक्ति और दैविक शक्ति के बीच है। उन्होंने दावा किया कि देश की जनता, चाहे वह किसान, युवा, महिलाएं और गरीब हों, सभी राहुल गांधी के साथ खड़े हैं और वह इस चुनाव में विजयी होंगे। खेड़ा ने कहा, जब महिला पहलवानों को परेशान किया जा रहा था और बृजभूषण शरण सिंह उनके घरों के अंदर बैठे थे, तब प्रधानमंत्री की शक्ति की पूजा कहां थी? उस समय आपकी शक्ति की उपासना कहां थी। जब मणिपुर में महिलाओं को नग्न कर दौड़ाया जा रहा था, तब कौन सी ताकत आपको चुप करा रही थी? कांग्रेस नेता ने कहा,यह चुनाव तय करेगा कि देश आसुरी शक्ति से चलेगा या दैविक शक्ति से। इस देश को हमेशा ताकत दैविक शक्ति से मिली है और युवा, महिलाएं और किसान राहुल गांधी के साथ खड़े हैं।

## चित्रदुर्ग सीट पर बीजेपी का दबदबा क्या कांग्रेस दे पाएगी टक्कर

एजेंसी

**चित्रदुर्ग, 18 मार्च (नवसत्ता)।** चित्रदुर्ग लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. यह सीट पूरे चित्रदुर्ग और तुमकुर जिले के कुछ हिस्से को कवर करता है। बता दें कि चित्रदुर्ग लोकसभा क्षेत्र से 2019 में बीजेपी के ए नारायणस्वामी सांसद चुने गए। चित्रदुर्ग लोकसभा सीट आजादी के बाद से ही अस्तित्व में है। इस सीट पर 1952 में चुनाव है और पहली बार कांग्रेस के एस। निजलिंगप्पा यहां से सांसद चुने गए थे। चित्रदुर्ग लोकसभा सीट पर अब तक कुल 17 बार चुनाव हुए हैं, जिसमें से सबसे ज्यादा 11 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। इसके अलावा एक बार प्रजा सोशलिस्ट पार्टी, एक बार निर्दल, दो बार जनता दल और दो बार इस सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की है।

चित्रदुर्ग लोकसभा सीट पर साल 1952 में पहली बार कांग्रेस के एस। निजलिंगप्पा ने जीत दर्ज की थी। वहीं 1957 में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के जे. मोहम्मद इमाम ने बाजी मारी। 1962 में कांग्रेस के जे. वीरबसप्पा सांसद चुने गए। 1967 में जे। मोहम्मद इमाम यहां से निर्दल सांसद चुने गए। इसके बाद 1971, 1977 और 1980 में कांग्रेस के के। मल्लिा ने लगातार तीन बार जीत हासिल की।

इसके बाद 1984 में केएच रंगनाथ, 1989 में सीपी मुदलगिरियप्पा और 1991 में सीपी मुदलगिरियप्पा कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर सांसद चुने गए। वहीं 1996 में जनता दल के पी. कोंडांडारमैया ने जीत दर्ज की। 1998 में कांग्रेस के सीपी मुदलगिरियप्पा दिल्ली का सफर तय किया। 1999 में जनता दल के शशि कुमार सांसद बने। वहीं 2004 में एनवाई हनुमनथप्पा ने जीत दर्ज की और कांग्रेस का परचम लहराया। 2009 में भाजपा के जनार्दन स्वामी यहां से सांसद निर्वाचित हुए।

## संजय राउत ने राहुल गांधी को बताया बड़ा नेता बोले- पूरा देश चाहता है कि वह अगला पीएम बनें

एजेंसी

**मुंबई, 18 मार्च (नवसत्ता)।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने सोमवार को कांग्रेस के राहुल गांधी को बड़ा नेता बताया और दावा किया कि देश उन्हें अगला प्रधानमंत्री बनाना चाहता है। यह टिप्पणी विपक्षी दल इंडिया गुट द्वारा राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के बाद मुंबई के शिवाजी पार्क में एक रैली में चुनावी बिगुल बजाने के एक दिन बाद आई है। रैली को राहुल गांधी ने भी संबोधित किया। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा, राहुल गांधी देश के एक प्रमुख नेता हैं। देश उन्हें अगले प्रधान मंत्री के रूप में देखता है। राहुल गांधी एक अच्छे इंसान और नेता हैं। लोग उन्हें पसंद करते हैं। हम सभी उनके साथ खड़े हैं। आगे शिवाजी पार्क रैली पर बोलते हुए राउत ने कहा कि विपक्ष अनदेखी ताकतों के खिलाफ लड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि कल, हमने भारत गठबंधन के लिए एक रैली का आयोजन किया। हम अदृश्य ताकतों से लड़ रहे हैं।

कांग्रेस की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया गया। विपक्ष की उल्लेखनीय हस्तियों ने रैली की शोभा बढ़ाई, जिससे यह एक महत्वपूर्ण सभा बन गई। चुनाव की घोषणा के बाद यह रैली हमारे इंडिया गठबंधन की पहली सामूहिक सभा थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अतीत में एनसीपी को महाराष्ट्र में राष्ट्रीय भ्रष्ट पार्टी कहे जाने का उल्लेख करते हुए, राउत ने जोर देकर कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार में डूबी हुई है, और अब राउत का मानना है कि यह लेबल भाजपा पर लागू होता है। उन्होंने भाजपा पर खुद को भ्रष्ट लोगों के साथ मिलाने और अपने भीतर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने सुझाव दिया कि यदि भाजपा नेता आत्ममंथन करें तो उन्हें भ्रष्टाचार का चेहरा आईने में नजर आएगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की चुनावी बांड योजना को रद्द कर दिया था, जिसने गुमनाम राजनीतिक फंडिंग की अनुमति दी थी, इसे असंवैधानिक कहा था और चुनाव आयोग को दानदाताओं, उनके द्वारा दान की गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का खुलासा करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक ने 12 मार्च को चुनाव आयोग के साथ डेटा साझा किया और चुनावी बांड पर डेटा सार्वजनिक किया।

### कांग्रेस के 6 बागी विधायकों की अयोग्यता बनी रहेगीः सुप्रीम कोर्ट

**श्रीनगर,18 मार्च (नवसत्ता)।** हिमाचल प्रदेश के बागी कांग्रेस विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। अदलत ने बागी विधायकों की अर्जी खरिज कर दी है। यानी कि कांग्रेस के 6 बागी विधायकों की अयोग्यता बनी रहेगी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के छह बागी कांग्रेस नेताओं को अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की और याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने विधानसभा स्पीकर के फैसले को बदलने से इनकार किया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने 6 मई तक हिमाचल प्रदेश में विधानसभा उप चुनाव प्रक्रिया पर भी रोक लगा दी है। कोर्ट ने हिमाचल विधानसभा स्पीकर और सेक्रेटरी को नोटिस देकर 14 दिनों के अंदर जवाब मांगा है। इस मामले में सुनवाई अब अगले हफ्ते होगी।

## आजमगढ़ में बीजेपी को सपा से मिल रही कड़ी चुनौती

संवाददाता

**लखनऊ, 18 मार्च (नवसत्ता)** पूर्वांचल का जिला आजमगढ़ अपने स्वभाव के कारण हमेशा सुर्खियों में बना रहता है। आजमगढ़ में कई नामचीन हस्तियों ने जन्म लिया तो एक समय में आजमगढ़ की पहचान आतंकवाद की नर्सरी के रूप में हुआ करती थी, लेकिन अब तस्वीर काफी बदल चुकी है। यदि नहीं बदला है तो यहां से समाजवादी पार्टी का लगाव। आज भी आजमगढ़ की लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी की अजेय सीट मानी जाती है। मोदी लहर के बाद भी 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से सपा ने जीत का परचम लहराया था। पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव इस सीट से चुनाव लड़ रहे थे। उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी और भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ को 2 लाख 59 हजार मतों के अंतर से हराकर जीत हासिल की है। बाद में उन्होंने इस सीट से त्यागपत्र दे दिया और इसके बाद हुए उपचुनाव में सपा को हार का सामना करना पड़ा था। बीजेपी के निरहुआ चुनाव जीत थे। आजमगढ़ वह जिला है, जहां से पूर्वांचल की दिशा तय होती है। ऐसे में पार्टी से सैफई परिवार के किसी सदस्य के चुनावी जंग में उतरने के कयास लगाए जा रहे थे। अखिलेश यादव और उनके चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव के नाम पर चर्चा चल रही थी। इस बीच समाजवादी पार्टी ने धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी घोषित कर तस्वीर साफ कर दिया। गौरतलब हो, मुलायम सिंह यादव की सरकार में वर्ष 2004 में सैफई परिवार के धर्मेंद्र यादव पहली बार मैनपुरी से सांसद चुने गए थे। वर्ष 2007 में समाजवादी पार्टी सरकार से बाहर हो गई और बसपा की सरकार बन गई तो मुलायम सिंह यादव मैनपुरी से चुनावी मैदान में उतर गए थे। इसके बाद धर्मेंद्र यादव को बदायूं भेज दिया गया था। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में बदायूं लोकसभा सीट से धर्मेंद्र यादव दूसरी बार सांसद चुने गए। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने बदायूं से जीत हासिल की। वर्ष 2019 में यहां से बीजेपी ने स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी डा. संघमित्रा मौर्य को चुनाव मैदान में उतारा और धर्मेंद्र यादव को हार का सामना करना पड़ा। 2014 में मोदी लहर में भी आजमगढ़ सीट पर नेता जी मुलायम सिंह यादव ने जीत दर्ज की। 2019 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस सीट पर जीत दर्ज कर सपा के किले को बरकरार रखा। विधानसभा चुनाव के बाद अखिलेश यादव ने आजमगढ़ सीट को छोड़ दिया।अखिलेश की छोड़ी गई इस सीट पर सपा ने धर्मेंद्र यादव को 2022 में आजमगढ़ लोकसभा उप चुनाव में उतारा, मगर इस चुनाव में धर्मेंद्र यादव को हार का सामान करना पड़ गया। बीजेपी से दिनेश लाल यादव ने लगभग आठ हजार वोटों से इस सीट पर जीत दर्ज की थी। तब बसपा से गुड्डू जमाली भी इस सीट पर चुनाव मैदान में थे।

## पश्चिम की आठ सीटों से होगा यूपी में लोकसभा चुनाव का शुभारंभ

संवाददाता

**सहारनपुर, 18 मार्च (नवसत्ता)** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में 19 अप्रैल को मतदान होगा। माना जा रहा है कि यहां से जो रूझान मिलेंगे उनका असर देश-प्रदेश में दूर तक महसूस किया जाएगा। कयास लगाए जा रहे हैं कि रूझान 2014 जैसे रहते हैं या वेस्ट यूपी इस बार 2019 को दोहराएगा। नतीजों पर ध्रुर्वीकरण का असर होगा या जातीय समीकरण प्रभावी होंगे।मतदान से ठीक पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गन्ना पट्टी का यह इलाका समृद्धशाली लेकिन संवेदनशील है। सहारनपुर मंडल जिसमें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर और बिजनौर की आधी लोकसभा सीट आती है। वहां के लोगों के जेहन में अभी भी 27 अगस्त 2013 को मुजफ्फरनगर में एक बेटी के साथ हुई छेड़छाड़ के मामले को लेकर हुए भीषण दंगे की टीस बनी हुई है, जिसमें दो जाट युवकों गौरव और सचिन एवं मुस्लिम युवक शाहनवाज की हत्या हो गई थी और उसके बाद उपजी हिंसा में 62 से भी ज्यादा लोग मारे गए थे।

कैराना का पलायन का मुद्दा लोकसभा के 2014, 2019 के चुनावों और 2017 और 2022 के विधान सभा चुनावों में अन्य मुद्दों पर भारी साबित हुआ। हालांकि इसके बाद गंगा-यमुना में काफी पानी बह चुका है लेकिन इन दोनों नदियों के बीच के इस क्षेत्र के लोग उस स्थिति में लौटना नहीं चाहते हैं। शामली के छोटे किसान रामसिंह सैनी और थानाभवन क्षेत्र की बागवानी करने वाली महिला रीना कश्यप कहती हैं कि किसानों को सम्मान निधि की राशि मिल रही है। करोड़ों गरीबों को निःशुल्क खाद्यान्न मिल रहा हैं लेकिन सबसे बड़ी सहूलियत और सुकून सुरक्षा के बने माहौल से मिला है। स्कूल, कालेजों में निडरता के साथ छात्राओं का आना-जाना, खेत-खलिहान में रात-बिरात में सुरक्षा के भाव के साथ काम करना, व्यापारियों और दुकानदारों को बेफिक्री और निर्भयता के साथ कारोबार करने की जो सहूलियतें मिली हैं उससे मतदान प्रभावित होगा। मुस्लिम बहुल देवबंद के मिश्रित आबादी के इलाके में कन्फेक्शनरी के बड़े व्यवसायी अश्विनी कुमार जैन कहते हैं कि 2014 से पहले हर वक्त लुटने-पिटने और चोरी-चकारी का डर बना रहता था। योगी के शासन में दुकानदारों में हिम्मत और सुरक्षा का भाव लौटा है। 2014 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की इन सभी आठ सीटों पर शानदार जीत दर्ज की थी। लेकिन 2019 के चुनाव में भगवा लहर पर जातीय समीकरण भारी पड़े थे। सपा-बसपा-रालोद गठबंधन ने सहारनपुर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद और रामपुर सीटें भाजपा से छीन ली थी। 2024 के चुनाव में मतदाताओं के रूख से तय होगा कि माहौल में भगवा लहर का असर है या जातीय समीकरण भारी पड़ते हैं। भाजपा ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 का खात्मा किया है। अयोध्या में जन्म स्थान पर भव्य राममंदिर बना है और अभी चंद दिनों पहले सीएए लागू किया गया है। भाजपा को इस बार रालोद का भी साथ मिला है। विपक्षी खेमे की बात करें तो समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक साथ आए हैं। दोनों के गठजोड़ से मुस्लिमों की एकजुटता जरूर पैदा हुई है। यानि मुस्लिम मतों में बंटवारा और विभाजन शायद नहीं हो पाए। बहुजन समाज पार्टी के अलग चुनाव लड़ने का भाजपा और सपा गठबंधन पर असर महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। राजनैतिक रणनीतिकारों की नजर इन नए समीकरणों पर जरूर लगी है। इस लोकसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जाट बहुत नौ सीटों पर जयंत चौधरी के असर का भी इम्तिहान होना है। पिछले लोकसभा चुनाव में रालोद की अगंवाई प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह के वारीश उनके इकलौते पुत्र चौधरी अजीत सिंह कर रहे थे। 2020 में कोरोना में उनका निधन हो जाने के बाद रालोद की बागडोर उनके पुत्र जयंत चौधरी ने संभाली है। जयंत चौधरी ने अपने बाबा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने से प्रभावित होकर दो सीटों के मिलने पर ही भाजपा से गठबंधन कर लिया जबकि इससे पूर्व अखिलेश यादव ने जयंत चौधरी को उनकी मांग के मुताबिक सात लोकसभा सीटें दी थी।

# 2.5 करोड़ की अंग्रेजी शराब लदे कन्टेनर ट्रक सहित अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता

**मिर्जापुर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** जिले के पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के निर्देश पर थाना अहरौरा पुलिस, एसओजी/सर्विलांस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत सुकृत बार्डर बहद ग्राम हिनौता छातो के पास सघन चेकिंग कर कन्टेनर ट्रक अंकित वाहन संख्याः JH 05 रू7932 (वास्तविक वाहन संख्या HR 55 रू 7932) सवार 01 अभियुक्त पवन कुमार पुत्र शिवराम निवासी साहा थाना साहा जनपद अम्बाला, हरियाणा को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बरामद वाहन की तलाशी ली गयी तो उपरोक्त कन्टेनर ट्रक में लदी हुई कुल 930 पेटी/11160 बोतल (प्रत्येक बोतल 750ml) अवैध अंग्रेजी शराब नाइट क्रीन डिलक्स व्हिस्की ब्राण्ड बरामद हुई। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मु0 अ0 स0- 59/ 2024 धारा 419,420,467,468,471 भादवि व 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय/जेल भेजा गया तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त कन्टेनर ट्रक को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि अंग्रेजी शराब को हिमांचल प्रदेश से झारखण्ड ले जाकर ऊंचे दामों पर बिक्री कर देते हैं। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि बिक्री हेतु ले जा रहे शराब को विभिन्न प्रदेश की सीमाओं में प्रवेश करने से पूर्व वाहन का नम्बर प्लेट उस प्रदेश के अनुसार बदल देते है ताकि पकड़े न जा सकें। नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त पवन कुमार पुत्र शिवराम निवासी साहा थाना साहा जनपद अम्बाला, हरियाणा, उम्र करीब-44 वर्ष। पुलिस अधीक्षक ने सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार के पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

संवाददाता

**मिर्जापुर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** स्थानीय विभाग खंड में सोमवार को स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम व स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक डॉक्टर विवेक खरे के नेतृत्व में आयोजित की गई जिसमें डॉ विवेक खरे ने सभी के कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी माह में चलने वाले संचारी अभियान के तहत चर्चा किया एवं आकांक्षी ब्लॉक के तहत समस्त गर्भवती महिलाओं को एवं टीकाकरण से वंचित बच्चों को टीकाकरण करने हेतु परिवार को जागरूक करने की रणनीति बनाई। मॉनीटर त्रिपुरारी दुबे द्वारा बताया गया कि 0 से 2 वर्ष के बच्चों को टीकाकरण करने हेतु लाइन लिस्ट बनाएंगे। यूनिसेफ बीएमसी अंकित शुक्ला द्वारा बताया गया कि टीकाकरण से वंचित परिवार को सूची के माध्यम से राशन विक्रेता को प्रत्येक माह अवगत कराना है साथ ही टीकाकरण से वंचित बच्चों को ब्लॉक रिस्पांस टीम व अन्य प्रभावशाली व्यक्ति की सहयोग से टीकाकरण कराना सुनिश्चित किया जाएगा। जिससे सभी बच्चों का टीकाकरण किया जा सके, साथ ही सभी गर्भवती महिला को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच निशुल्क किया जाता है। प्रत्येक माह के 1 तारीख,9 तारीख,16 तारीख, 24 तारीख को जिसमें सभी क्षेत्र के लाभार्थियों को एंबुलेंस के माध्यम से संपूर्ण सेवाएं दिया जा सके साथ ही आने वाले 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 तारीख से 30 तारीख तक दस्तक अभियान चलेगा जिसमें एएनएम ,आशा आंगनबाड़ी, फ्रंटलाइन कर्मी के रूप में घर-घर जाकर संचार के माध्यम से फैलने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक करेंगे, उन्हें चिन्हित कर उपचार हेतु प्रेरित करेंगे।

# शिवकुमार पटेल बने मिर्जापुर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

संवाददाता

**मिर्जापुर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के अनुमोदन के उपरान्त उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठनात्मक मामलों के प्रभारी प्रदेश महासचिव अनिल यादव द्वारा मिर्जापुर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमें जिला अध्यक्ष पद पर दुबारा डा शिव कुमार सिंह पटेल पुनः चुने गये। प्रदेश हाईकमान द्वारा घोषित जिला कांग्रेस पदाधिकारियों में नगर पालिका परिषद मिर्जापुर के पूर्व अध्यक्ष दीप चन्द्र जैन, मिन्हाज अहमद छोटे खान शशि भूषण दूबे कंचनीय, राजधर दूबे, जिला पंचायत सदस्य ई कृष्ण गोपाल चौधरी, एडवोकेट कमलेश दूबे, जनार्दन प्रसाद पाठक, अमर नाथ पांडेय, राजेश मिश्रा ज्योति को जिला उपाध्यक्ष, एवं सूर्यभान सिंह पटेल कोषाध्यक्ष, जबकि अखिलेश कुमार सिंह, राजेश पटेल ग्राम प्रधान, तुलसीदास गुप्ता, श्याम धर उपाध्याय, मनीष, लवकुश ,क्षविराज, बृजबली बिन्द, को जिला महासचिव मनोनीत किया गया है, उधर लालगंज के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राम कृपाल मौर्य, संतोष, संदीप तिवारी, रत्नेश सतीष, इन्द्र देव, नरेश एडवोकेट,रोशन अंसारी,कोन ब्लाक पूर्व अध्यक्ष रामनाथ दूबे, पंकज, बसंत लाल चमार, बृजेश, पूनम, दिलीप, रामराज, प्रतीक, शैलेश, मोनू , गुलाब चंद , राम गोविंद, दिलीप, गुलाब पटेल, इशियाक अंसारी, धनुषधारीको जिला सचिव बनाया गया है। पार्टी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी मिर्जापुर के संगठन में तेरह ओबीसी, चार अल्पसंख्यक, सात एस सी, उन्नीस सामान्य, ब्राह्मण, ठाकुर, भूमिहारों एक महिला को शामिल किया गया है। अध्यक्ष डॉ शिव कुमार ने विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा सबका साथ,सबका सम्मान की भूमिका को ध्यान में रखते हुए नियुक्ति किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी ब्लाक एवं नगर कांग्रेस अध्यक्षों एवं आवश्यकता के अनुसार जिला कमेटी में और लोगों को स्थान दिया जाएगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद , जिला पंचायत सदस्य एवं पीसीसी सदस्य शिव शंकर चौबे, राम सिंह एडवोकेट, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय, पंचायत के पूर्व सदस्य राजेश नारायण , शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बृजदेव, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजन,कंचन, रमेश पप्पू, आदि ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# पंगेसियस मछली पालन की बढ़ रही लोकप्रियताः देवर्षि रंजन

संवाददाता

**सुलतानपुर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** मछलियों की खेती विषयक जानकारी देते हुए नवसत्ता दैनिक समाचार पत्र को बताया कि उत्तर प्रदेश में बहुत प्रकार की मछलियों की खेती की जा रही है परन्तु पंगास मछली जिसको आमतौर की भाषा में बैकर, बैखी, प्यासी और अन्य कई नामों से जाना जाता है उसकी खेती और लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उक्त के सम्बन्ध में देवर्षि रंजन ने बताया कि इस मछली को किसान इस लिए ज्यादा पसंद कर रहे हैं क्योंकि यह कम समय में तैयार होकर ज्यादा मुनाफा देती हैं और राज्य के कई जिलों में इसकी खेती बहुतायत से की जा रही है जो आजमगढ़, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, बलरामपुर, चंदौली, रायबरेली, बाराबंकी, लखनऊ, वाराणसी, आदि में प्रमुखता से प्रचलित है। इन मछलियों का बीड़ राज्य में आमतौर पर पश्विम बंगाल और बांग्लादेश से आता हैं। किसानों को इस मछली पालन में रोग और ठीक ठाक दाम न मिल पाने से घाटे का सामना भी करना पड़ता हैं। पंगास गर्म वातावरण की मछली है जिसकी वृद्धि के लिए 22-30 डिग्री सेल्सियस तापमान काफी अच्छा रहता है व कम तापमान पर इसकी वृद्धि कम हो जाती है और रोग के प्रभाव दिखने लगते हैं। सर्दियों में ऊमाइसिटीज नामक रोग से किसानों को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है व बताया एक बार यह रोग किसी तालाब में आ जाता है तो मछलियों को बचाना मुश्किल हो जाता है। और कुछ ही दिनों में पूरी मछलियां मर जाती हैं। हालाँकि इस रोग से बचने के लिए बाजारो में बहुत सारी दवाएं भी उपलब्ध हैं।

# अधिवक्ता की स्मृति में कवि सम्मेलन व मुशायरा आयोजित

संवाददाता

**कादीपुर-सुलतानपुर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता हाजी अब्दुल रशीद साहब की स्मृति में आयोजित भव्य कवि सम्मेलन व मुशायरे के मुख्य संयोजक पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन दयाराम पान्डेय ने उपस्थित अतिथियों पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण बृजेश कुमार मिश्र नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल चिकित्सक डा मंगला प्रसाद श्रीवास्तव डा संजीव कुमार पान्डेय आदि का माल्यार्पण कर स्वागत किया जहां अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।मंच पर उपस्थित कवि एवं शायरों का स्वागत उपस्थित महानुभावों ने किया तथा सम्मेलन की अध्यक्षता मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने किया। पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन व कार्यक्रम मुख्य संयोजक दयाराम पान्डेय ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।तहसील परिसर में आयोजित कवि सम्मेलन में आजमगढ़ से पधारे कवि भालचंद्र त्रिपाठी ने हर किसी को भ्रम है।, यही कम क्या कि हम संभाले हैं। प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर किया व्यंग्य कार निर्झर प्रतापगढ़ी ने अपने हास्य कविता से सभी को खूब हंसाया उन्होंने कहा आवा चुनाव फिर से नेता आइ गए हैं। बरसाती मेघा की तरह उतिराय गए हैं। प्रस्तुत कर नेताओं पर कटाक्षों की झड़ी लगा दिया।कवि व शायरों के संयोजक बृजेश पांडेय इन्दु ने कलम बोल दे तो अखरता बहुत है...की लाइनें प्रस्तुत कर कलम की ताकत का एहसास कराया। उक्त के अलावा वाराणसी के हास्य कवि मुक्कज बनारस, हर्ष बहादुर सिंह हर्ष ओज कवि, जनाब हामिद कमर जलालपुरी, संदल अफरोज अमेठी, प्रियंका द्विवेदी हरदोई, व ग़ज़ल गायक पुष्कर सुलतानपुरी, आदर्श पान्डेय, नीरज पान्डेय रायबरेली, अभिमन्यु शुक्ल तरंग जिनकी ओजपूर्ण कविताएं व रचनाएं प्रस्तुत हुए जिसे सुनकर श्रोतागण रात भर जमे रहे। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन अध्यक्ष रंजीत सिंह सचिव लालचन्द्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह एडवोकेट तथा अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## वन विभाग के वारंटी को पुलिस ने घर से किया गिरफ्तार

**मिर्जापुर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा गाँव से न्यायालय में उपस्थित न होने पर वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने एक वारंटी को सोमवार की सुबह घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। थाना क्षेत्र के पिपरा गाँव निवासी मंगल को सुबह घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। इस मामले में 14 लोगों के विरुद्ध वन विभाग ने मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर वारंट जारी होने के बाद उपनिरीक्षक अजय मिश्रा ने एक वारंटी को घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि न्यायालय के वारंट जारी होने के बाद घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# हलियापुर में 25 करोड़ की लागत से बनेगा मॉडल कंपोजिट स्कूल

संवाददाता

**सुलतानपुर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** जिले में बनने वाला एकमात्र मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल हलियापुर में बनाया जाएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस स्कूल के लिए साढ़े सात एकड़ जमीन का चयन हो गया है और इसके निर्माण पर 24.76 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसकी मंजूरी शासन ने दे दी है। बल्दीराय तहसील के हलियापुर बाजार में प्री प्राइमरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा देने के लिए यह विद्यालय बनाया जाएगा। इसके भवन निर्माण का ठेका उप्र प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को मिला है। इंटरमीडिएट में विज्ञान, कला और वाणिज्य वर्ग की अलग-अलग क्लासेज चलाई जाएंगी। 1500 छात्र संख्या वाले इस स्कूल के परिसर में ही प्रधानाचार्य से लेकर शिक्षकों व स्टाफ के आवास भी बनाए जाएंगे। बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने बताया कि शासन से बजट स्वीकृत हो चुका है। जल्द ही विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू होगा।

हर क्लास में स्मार्ट क्लास, रोबोटिक्स व मशीन लर्निंग सेंटर भी। कक्षा-01 से 08 के लिए कंपोजिट विज्ञान व गणित प्रयोगशाला। कक्षा09 से 12 के लिए रसायन, भौतिकी विज्ञान हेतु माड्यूलर प्रयोगशाला, कम्प्यूटर व लैंग्वेज लैब। कक्षा-01 से 08 व 09 से 12 के लिए अलग-अलग पुस्तकालय, खेल का मैदान व ओपन जिम।

मल्टीपल एक्टीविटी हॉल, सोलर पैनल, वर्षा जल संचयन इकाई, वाटर प्लांट, मिड-डे-मील किचन व डायनिंग हॉल। वॉशिंग एरिया, अग्निशमन यंत्र व ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे, सिक्योरिटी गार्ड।

## कारोबार

# अडाणी ग्रुप अगले वित्त-वर्ष में 1.2 लाख करोड़ निवेश करेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** अडाणी ग्रुप ने 1 अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष 2024-25 में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए ?1.2 लाख करोड़ से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। यह निवेश एयरपोर्ट, एनर्जी, पोर्टस, कमोडिटी, सीमेंट और मीडिया बिजनेस में किया जाएगा। न्यूज एजेंसी PTI ने सूत्रों के हवाले से बताया कि अगले 7-10 सालों में बिजनेस बढ़ाने के लिए ग्रुप ने 100 बिलियन डॉलर (करीब 8.29 लाख करोड़) के इन्वेस्टमेंट को दोगुना कर दिया है। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित कैपिटल एक्सपेंडिचर 2023-24 के मुकाबले 40प्रतिशत अधिक है। इससे पहले ग्रुप ने अगले 7 से 10 सालों में 100 बिलियन डॉलर के कैपिटल एक्सपेंडिचर की घोषणा की थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस निवेश का अधिकांश हिस्सा तेजी से बढ़ते बिजनेस- रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, एयरपोर्ट्स और पोर्टस में किया जाएगा। रिन्यूएबल एनर्जी और ग्रीन हाइड्रोजन के लिए कैपिटल का 70प्रतिशत हिस्सा निवेश किया जाएगा। जबकि, 30न्न कैपिटल का ज्यादातर हिस्सा एयरपोर्ट्स और पोर्टस के लिए खर्च किया जाएगा। अडाणी ग्रुप गुजरात के खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा रिन्यूएबल पार्क बना रहा है, जो 530 स्क्वायर किलोमीटर में फैला है। यह एरिया पेरिस शहर के साइज का 5 गुना है। वहीं, अडाणी ग्रुप देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट ऑपरेटर है। इसके पास 7 एयरपोर्ट - जयपुर, अहमदाबाद, लखनऊ, गुवाहाटी, मुबंई,मंगलुरु और तिरुवनंतपुरम हैं। इसके साथ ही अडाणी ग्रुप दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सोलर एनर्जी कंपनी है। एयरपोर्ट डेवलपमेंट पर 60,000 करोड़ खर्च करेगा अडाणी ग्रुप हाल ही में अडाणी पोर्ट्स एंड सेज के CEO करण अडाणी ने बताया था कि अडाणी ग्रुप एयरपोर्ट बिजनेस में 60,000 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। अडाणी ग्रुप यह खर्च अगले 10 साल में रनवे, टैक्सीवे, एयरक्राफ्ट पार्किंग स्टैंड और टर्मिनल के साथ सिटी साइड इंफ्रास्ट्रक्चर पर करेगा। ग्रुप ने बताया था कि एयरपोर्ट टर्मिनल और रनवे कैपेसिटी में अगले 5 साल में 30,000 करोड रुपए और सिटी साइड डेवलपमेंट के लिए अगले 10 साल में 30,000 करोड रुपए का निवेश किया जाना है।

## तुवर दाल त्योहारों पर महंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** त्योहारों की शुरुआत के साथ ही दालों में उपभोक्ता मांग धीरे धीरे बढ़ने लगी है, जबकि दलहन की आवक बेहद कमजोर बनी हुई है। बरसात की खेंच की वजह से दलहन उत्पादन में कमी की उम्मीद की जा रही है। स्टाकिस्ट और किसान माल रोकने में लगे हैं। इससे मंडियों में आवक काफी घट गई है। इसके अलावा दलहन के आयातित देशों ने भी कीमतें बड़ा दी है, जिससे मिलर्स की लागत ऊंची बैठने लगी है। यही वजह है कि दालों के दामों मे एकतरफा तेजी का वातावरण बना हुआ है। तुवर दाल थोक में 200 रुपये बढ़कर 13700 से 16500 रुपये क्विंटल बिकी। मूंग दाल-मोगर 100 रुपये बढ़कर छिलका दाल 10700 से 11000 और मूंग मोगर 11300 से 11600 बिकी। उड़द दाल और उड़द मोगर में भी 100 रुपये क्विंटल का उछाल आया।

# नारायण मूर्ति ने पोते को 15 लाख शेयर्स गिफ्ट किए

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** इंफोसिस के को फाउंडर नारायण मूर्ति ने अपने 4 महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को 240 करोड़ मूल्य के शेयर्स गिफ्ट किए हैं। मूर्ति ने पोते को कंपनी में 15 लाख शेयर्स दिए हैं, जो 0.04 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। शेयर्स गिफ्ट करने के बाद इंफोसिस में नारायण मूर्ति की हिस्सेदारी अब 0.40 प्रतिशत से 0.36 प्रतिशत रह गया है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी है। करीब चार महीने पहले 10 नवंबर को नारायण मूर्ति के बेटे रोहन मूर्ति और बहू अपर्णा कृष्णन माता-पिता बने थे। तब नारायण मूर्ति ने संस्कृत के शब्द अटूट ध्यान से प्रेरित होकर पोते का नाम एकाग्र रखा। एकाग्र से पहले नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति की दो नातिन भी हैं, जिनका नाम कृष्णा सुनक और अनुष्का सुनक है। दोनों बच्चियां ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक और अक्षता मूर्ति की बेटियां हैं। इसी साल जनवरी में नारायण मूर्ति ने कहा था परिवार को कंपनी से अलग रखना एक गलत फैसला था। उन्होंने कहा,मुझे लगता था कि कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मतलब है कि इसमें परिवार शामिल ना हो। मूर्ति से पूछा गया कि उनके बेटे रोहन मूर्ति हॉर्वर्ड में स्कॉलर हैं। अगर वो कल इंफोसिस जॉइन करने के लिए कहते हैं, तो आप क्या करेंगे इसके जवाब में मूर्ति ने कहा, रोहन उनसे कहीं ज्यादा सख्त हैं। वो ऐसा कभी नहीं कहेंगे। रोहन मूर्ति 40 साल के हैं। उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से PhD किया है। वो एक सॉफ्टवेयर फर्म के मालिक भी हैं। उनकी कंपनी डेटा प्रोसेसिंग का काम करती है। नारायण मूर्ति ने भारत के दूसरे सबसे बड़े टेक फर्म इंफोसिस की स्थापना 1981 में की थी। तब से लेकर 2002 तक कंपनी के CEO रहे थे। इसके बाद 2002 से 2006 तक बोर्ड के चेयरमैन रहे। अगस्त 2011 में चेयरमैन एमेरिटस की उपाधि के साथ मूर्ति कंपनी से रिटायर हो गए थे। हालांकि, एक बार फिर कंपनी में उनकी एंट्री 2013 में एग्जिक्यूटिव चेयरमैन के तौर पर हुई। इस दौरान उनके बेटे रोहन मूर्ति उनके एग्जिक्यूटिव असिस्टेंट के तौर पर काम कर रहे थे।

# फ्लिपकाट की दो साल में क्यों 41,000 करोड़ रुपये घट गयी वैल्यू

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** फ्लिपकार्ट का मूल्यांकन दो साल में पांच अरब अमेरिकी डॉलर या लगभग 41,000 करोड़ रुपये घट गया है। इसकी अमेरिकी स्थित मूल कंपनी वॉलमार्ट के इक्विटी लेनदेन से यह जानकारी मिली है। फ्लिपकार्ट में वॉलमार्ट के इक्विटी ढांचे में बदलाव के अनुसार, ई-कॉमर्स कंपनी का मूल्यांकन 31 जनवरी, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में 40 अरब डॉलर था, जो 31 जनवरी, 2024 को घटकर 35 अरब डॉलर रह गया. फ्लिपकार्ट ने मूल्यांकन में गिरावट की वजह वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे को अलग कंपनी के रूप में विभाजित करने को बताया है। सूत्रों का हालांकि कहना है कि फ्लिपकार्ट का मौजूदा मूल्यांकन 38-40 अरब डॉलर के बीच है। वॉलमार्ट ने वित्त वर्ष 2021-22 में फ्लिपकार्ट में आठ प्रतिशत हिस्सेदारी को 3.2 अरब डॉलर में बेचा था। इस हिसाब से ई-कॉमर्स कंपनी का मूल्यांकन 40 अरब डॉलर बैठता है। वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिकी खुदरा क्षेत्र की दिग्गज ने 3.5 अरब डॉलर का भुगतान कर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत बढ़ाकर 85 प्रतिशत कर दी। इसके आधार पर फ्लिपकार्ट का उद्यम मूल्य 35 अरब डॉलर बैठता है। हालांकि, फ्लिपकार्ट ने वॉलमार्ट की रिपोर्ट के अनुसार मूल्यांकन में दिखाई गई कमी को खारिज करते हुए कहा है कि यह कंपनी के मूल्यांकन में 'उचित समायोजन' की वजह से है। फ्लिपकार्ट के प्रवक्ता ने कहा कि यह व्याख्या गलत है। फोनपे को अलग करने का काम 2023 में पूरा हुआ था. इससे फ्लिपकार्ट के मूल्यांकन में उचित समायोजन हुआ। फ्लिपकार्ट के सूत्रों ने कहा कि उद्यम का मूल्यांकन आखिरी बार 2021 में किया गया था और उस समय ई-कॉमर्स कंपनी के कुल मूल्य में फिनटेक फर्म फोनपे का मूल्यांकन भी शामिल था। फोनपे का मूल्यांकन निवेशकों के समूह जनरल अटलांटिक, टाइगर ग्लोबल, रिबिट कैपिटल और टीवीएस कैपिटल फंड्स आदि से 85 करोड़ डॉलर जुटाने के बाद अब 12 अरब डॉलर हो गया है।

# सिबिल स्कोर खराब हो गया है? इन तरीकों से करे दुरुस्त

एजेंसी

**नई दिल्ली, 18 मार्च (नवसत्ता)।** हमें कई बार अचानक पैसों की जरूरत पड़ जाती है। जैसे कि घर में कोई मेडिकल इमरजेंसी हो गई, या घर बनवाना है या फिर जमीन लेनी है। ऐसे में हम पैसों का इंतजाम अमूमन लोन लेकर करते हैं। लेकिन, अगर आपको आसानी से कर्ज चाहिए, तो इसके लिए सिबिल स्कोर अच्छा रखना होता है। एक क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी है। इसे रिजर्व बैंक RBI से लाइसेंस मिला है और यह कंपनियों के साथ आम लोगों की कर्ज से जुड़ी गतिविधियों को ट्रैक करती है। इसकी रेटिंग को ही सिबिल स्कोर कहा जाता है। सिबिल स्कोर या सिबिल रेटिंग एक पैमाना होता है, जिससे पता चलता है कि लोन लेने और उसे वापस चुकाने में आपका रिकॉर्ड कितना अच्छा है। यह 300 से 900 के बीच होता है। 300 से 600 का मतलब है कि आप लोन चुकाने में बहुत बुरे हैं। वहीं, 750 से 900 का सिबिल स्कोर बताता है कि आपका कर्ज लौटाने का रिकॉर्ड बेहद शानदार है। अगर आपका सिबिल स्कोर 750 से कम आया, तो आपको कर्ज मिलने में मसला हो सकता है। हो सकता है कि आपको क्रेडिट कार्ड भी न मिले। लेकिन, अच्छी बात यह है कि सिबिल स्कोर सुधारा भी जा सकता है। आइए जानते हैं सिबिल स्कोर सुधारने के पांच तरीके। अगर आप समय पर कर्ज नहीं चुकाते, तो इसका सिबिल स्कोर पर काफी बुरा असर पड़ता है। आपको EMI का पेमेंट हमेशा वक्त पर करना चाहिए, क्योंकि इसमें देरी पर न सिर्फ पेनल्टी लगती है, बल्कि क्रेडिट स्कोर भी कम हो जाता है। आपके पास होम लोन और कार लोन जैसे सिक्योर्ड लोन के साथ पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड जैसे अनसिक्योर्ड लोन का ठीक ठाक तालमेल होना चाहिए। बैंक और NBFC अमूमन सिक्योर्ड लोन वालों को ज्यादा पसंद करते हैं। अगर आपके पास अनसिक्योर्ड लोन अधिक हैं, तो अच्छे क्रेडिट बैलेंस के लिए पहले उनका भुगतान कर देना चाहिए। अगर आपने क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया है, तो कोशिश करें कि उसे तय तारीख से पहले भर दें। यह आपके क्रेडिट स्कोर को सुधारने के लिए अच्छी योजना हो सकती है। अगर आपने क्रडिट कार्ड का इस्तेमाल किया है, तो कोशिश करें कि उसे तय तारीख से पहले भर दें। यह आपके क्रेडिट स्कोर को सुधारने के लिए अच्छी योजना हो सकती है। आपको ज्वाइंट खाता खुलवाने या किसी के लोन का गारंटर बनने से परहेज करना चाहिए। अगर दूसरी पार्टी डिफॉल्ट करती है, तो उससे आपका भी सिबिल स्कोर खराब हो सकता है। साथ ही आपको एक साथ कई लोन नहीं लेने चाहिए। अगर आप दूसरा लोन लेना चाहते हैं, तो कोशिश करें कि पहले वाला खत्म हो जाए। इससे क्रडिट स्कोर बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। अगर आप अपने क्रेडिट कार्ड की लिमिट का पूरा इस्तेमाल नहीं करते, तो आप अपना क्रेडिट स्कोर जल्दी बेहतर कर सकते हैं। कोशिश करें कि हर महीने क्रेडिट लिमिट का सिर्फ 30 फीसदी ही खर्च हो। इससे ज्यादा के खर्च से जाहिर होता है कि आप बिना सोचे-समझे पैसे उड़ाते हैं और आपकी कर्ज पर निर्भरता अधिक है। साथ ही आपको कर्ज लेते समय रीपेमेंट के लिए लंबी अवधि चुननी चाहिए। इससे EMI कम रहेगी और आपको कर्ज चुकाने के लिए लंबा वक्त मिल जाएगा। आपके डिफॉल्ट करने की गुंजाइश भी कम रहेगी और आपका सिबिल स्कोर अपनेआप बेहतर होता जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक सरिता श्रीवास्तव द्वारा प्रभाष प्रिन्टर्स, गणेश नगर, रामजी पुरम निकट मदर टेरेसा स्कूल पो0 मलिकमऊ आयमा रायबरेली से मुद्रित कराकर 31 बस्तेपुर रामजी पुरम रायबरेली ,उप्र से प्रकाशित
सम्पादक- धीरज श्रीवास्तव - फोन नं-0535-2700090, मो0 नं0- 9415020008 आर0 एन0आई0 नं0 यूपीएचआईएन/2012/46348 'सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रायबरेली न्यायालय होगा। navsatta@gmail.com

# अपराधियों पर कड़ा शिकंजा, फेक न्यूज पर कठोर दण्डः जिला निर्वाचन अधिकारी

संवाददाता

**कन्नौज, 18 मार्च (नवसत्ता)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पूरे देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है। लोकसभा चुनाव सात चरणो में सम्पन्न होगे। 13 मई को चौथे चरण में जनपद कन्नौज में मतदान होगा। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत जिले में सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कहा कि निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा माहौल बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये दंडित किया जायेगा। सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर फेक न्यूज चलाने वालो पर सुसंगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कराते हुये कार्यवाही की जायेगी। इसलिये सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के कोई भी मैसेज प्रसारित न किया जाये। पेड न्यूज/फेक न्यूज पर विशेष



ध्यान देने की आवश्यकता है। इस बात का भी ध्यान देना आवश्यक है कि मतदाताओ को प्रचार सामग्री से भ्रमित न किया जाये। मतदान केन्द्रो पर मोबाइल फोन एवं कैमरा ले जाने की अनुमति नही होगी। रोड शो की अनुमति देते वक्त इस बात से इंगित कराया जाये कि आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित हो। उन्होने बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद में 1049 मतदान केन्द्र है, बिधुना एवं रसूलाबाद को मिलाकर कुल 1596 हैं। बताया कि जनपद में 1287081 मतदाता हैं, बिधुना एवं रसूलाबाद को मिलाकर कुल 1982589 मतदाता हैं। जनपद में पुरुष मतदाताओ की संख्या 685968 है, जिसमें बिधुना एवं रसूलाबाद को मिलाकर कुल 1061205 हैं। जनपद में महिला मतदाताओ की संख्या 601056 है, जिसमें बिधूना एवं रसूलाबाद को मिलाकर कुल 921288 हैं। लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र-42 के अन्तर्गत ट्रांस जेंडर 96 मतदाता एवं नये वोटर्स 26015 तथा सर्विस वोटर्स 4690 व दिव्यांग वोटर्स 21126 और 85 वर्ष से अधिक 21753 मतदाता है। उन्होने पत्रकारों से कहा कि वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं, आप लोग भी अपने स्तर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु लोगो को प्रेरित करें। बिना किसी लालच और निडर होकर मतदान केन्द्र आकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कहा कि पोलिंग स्टेशन पर कुर्सी, छाया, पेयजल, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था की जायेगी। मतदान केन्द्रो पर अच्छे माहौल के साथ मतदान कराया जायेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखी जायेगी। इसकी पूरी तैयारियां कर लीं गई हैं। आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिले के बॉर्डर पर जांच के लिए नाकेबंदी की जाएगी और हर हिस्ट्रीशीटर अपराधिक प्रवृत्ति लोगों पर कड़ी नजर रहेगी। प्रेस वार्ता के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह बीएसएफ के सहायक कमांडेंट रामवीर, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सपा के काम की भाजपा से तुलना पर जोर

**कन्नौज, 18 मार्च (नवसत्ता)।** आज अनिल कुमार कटियार (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ- प्रदेश सचिव) ने कन्नौज विधान सभा मे कई जगह पीडीए कार्यक्रम को संचालित किया। अनिल कुमार कटियार ने आज गुनाह ,लालपुर सरैया रजुआपुर, बरकागांव आदि गांव में घूम घूम कर समाजवादी पार्टी के कार्यों का जनता के बीच जाकर चर्चा परिचर्चा की। वही जनता भी समाजवादियों के विकास कार्यों की सराहना करते दिखी। साथ ही साथ अनिल कटियार ने समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में हुए विकास की तुलना जब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल के साथ करने का प्रयास किया तो जनता भी भारतीय जनता पार्टी के किसी कार्य को बता नहीं पाई। समाजवादी पार्टी को विकास पार्टी की संज्ञा देते हुए जब तमाम विकास कार्यों को जनता के बीच रखा तो जनता ने इस सत्य को स्वीकार किया। वास्तव में उत्तर प्रदेश में अगर कोई विकास पुरुष के नाम से जाना जाता है तो वह सिर्फ राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी एवं पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय अखिलेश यादव जी ही हैं। वहीं श्याम सिंह यादव ने जनता सेअपील करते हुए कहा कि अगर आपको विकास चाहिए तो समाजवादी पार्टी की मुख्य धारा से जुड़े और अपनी लोकसभा एवं प्रदेश व देश का विनाश करने वाली भारतीय जनता पार्टी को उखाड़ कर फेकना होगा।आज आवश्यकता है सबको समाजवादी पार्टी के साथ खड़े होने की ताकि बाबा साहब अंबेडकर द्वारा रचित संविधान को बचाया जा सके।

# जिला शांति समिति की बैठक में बोले डीएम

# रमजान या होली कोई नई परम्परा नहीं पड़ेगी

संवाददाता

**कन्नौज, 18 मार्च (नवसत्ता)।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में होली, नवरात्रि, ईद, एवं रमजान आदि पर्वों के दृष्टिगत जिला शांति समिति की आयोजित बैठक दौरान कहा यह चुनावी वर्ष है तथा कई त्यौहार एक साथ है सभी की तैयारी पूर्ण कर ली जाये। जनपद कन्नौज शांतिप्रिय जनपद है। यहाँ पर सभी पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए है। कहा कि होली एंव नवरात्रि व रमजान पर्व के साथ ईद व अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत रखते हुये स्वच्छता के कार्यक्रम किये जाए। बिजली, पानी, सफाई की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। होलिकादहन व ईदगाह, मंदिरों की साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल आदि व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। कहा कि आदर्श आचार संहिता का अक्षरश पालन सुनिश्चित किया जाये। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाये। अराजकता फैलाने वालों को बख्शा नही जायेगा। प्रशासन आपकी समस्याओं के लिये तत्पर्य है। उन्होंने कहा कि कोई नई परंपरा लागू नही होगी। कहा कि शहर एंव ग्रामीण में जो अव्यवस्थायें है उन्हें यथाशीघ्र ठीक करा लिया जाए। पर्व में शहर व ग्रामीण में कोई भी सफाई, पेयजल, प्रकाश की अव्यवस्थायें नही दिखनी चाहिए। कहा कि विधुत के खुले तार ठीक होने चाहिए। सभी अधिकारी होली, नवरात्रि एवं रमजान पर्व के दृष्टिगत अपने अपने विभाग की व्यवस्था दुरुस्त रखे। जहाँ कोई कमी हो उसे समय से ठीक कराया जाए। नागरिको की हर आवश्यकताओं की पूर्ति होनी चाहिए। कहा कि आयोजक यह सुनिश्चित करे कि डीजे पर अश्लील एंव किसी भी पार्टी के गाने नही बजेगे। डीजे बजाने वालें शर्तो के अनुसार ही डीजे बजायेगें। कोई भी व्यक्ति का हथियार का प्रदर्शन नही करेगा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि जनपद कन्नौज के नागरिकों ने होली पर्व को बड़े शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि, रामनवमी एवं रमजान का पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्णढंग से सम्पन्न होना चाहिए। कहा हर क्षेत्र में पुलिस मित्र लगाए जाएंगे जो डीजे, के साथ ही अन्य कार्यक्रमो की निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम परम्परागत तरीके से ही सम्पन्न होंगे। कहा कि होलीदहन में आपत्तिजनक गाने नही बजेंगे।

हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखी जायेगी। घाटो पर पुलिस एंव कैमरे लगाये जाये। दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों में बैरीकेडिंग कर होने वाली दुर्घटनाओं में रोक लगायी जा सकती है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त एसएचओ आदि संबंधि अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिपाही द्वारा शिक्षक की हत्या उत्तर प्रदेश में जंगलराज की पराकाष्ठाः अजय राय

संवाददाता

**लखनऊ, 18 मार्च (नवसत्ता)।** जनपद मुजफ्फरनगर में जिस तरह नशे में धुत सिपाही ने शिक्षक की अपनी सरकारी कार्बाइन से हत्या की है वह यह इशारा करता है कि प्रदेश में कानून का डर पूरी तरह से खत्म हो चुका है। अपराधी तो अपराधी अब तो रक्षक ही हत्यारे बन चुके हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय ने जारी प्रेस बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ गाल बजाना जानते हैं। उनकी जीरो टॉलरेंस की नीति पूरी तरह से विफल हो चुकी है। चारों तरफ सिर्फ अव्यवस्था, अराजकता और अपराध का बोलबाला है। इस प्रदेश में शायद ही कोई दिन गुजरता है जब कोई बड़ी आपराधिक घटना न घटती हो। श्री राय ने कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सरस्वती पुत्र की हत्या न सिर्फ विफल कानून व्यवस्था की तरफ इशारा है बल्कि बोर्ड परीक्षाओं में व्याप्त अराजकता और अव्यवस्था का भी सच बताती है। तमाम सुधारों का दावा करने वाली सरकार आज तक बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों के वितरण का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं करा पाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राय ने कहा कि सिर्फ पिछले दो दिनों की बात करें तो पीलीभीत में ऑनर किलिंग, सीतापुर में युवक की हत्या, आगरा में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म, बिजनौर में महिला की सिर काटकर हत्या जैसे जघन्य प्रदेश की कानून व्यवस्था के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ झूठे दावों के मुंह पर तमाचा है। उत्तर प्रदेश अपराध प्रदेश बन चुका है। आम जनता सहमी और पूरी तरह से डरी हुई है और राजा चैन की बंशी बजा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ध्वस्त कानून व्यवस्था की जिम्मेदार लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री का हुआ स्वागत

सुलतानपुर, 18 मार्च (नवसत्ता)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला महामंत्री गोविंद पांडे के मनोनीत होने पर जयसिंहपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर कृष्ण कुमार अग्रहरी के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं नें किया स्वागत एवं अभिनंदन तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ कृष्ण कुमारने एवम रमेश ने स्मृति चिन्ह देकर एवं पार्टी का पटका जिला महामंत्री को पहना कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिला नेतृत्व को कार्यकर्ताओं नें धन्यवाद ज्ञापित किया व स्वागत समारोह में राममिलन चिंता हरण रमेश 189 सदर विधानसभा के प्रचार अभियान प्रमुख एवं व्यापारी नेता रामदेव विकास गुड्डू राजाराम अतुल अखिलेश उत्कर्ष राजा आयुष पवन आदि उपस्थित रहे।

# हर क्षेत्र में अव्वल रहेगा जौनपुरः कृपाशंकर सिंह

संवाददाता

**जौनपुर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** जिले के विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार ने योजनाओं की जो शुरुआत की है उसे और आगे ले जाना है मौका मिला तो देश में जौनपुर के विकास को ऊंचाई पर ले जाने का काम होगा, जिसे देखने के लिए लोग आएंगे। उक्त बातें शाहगंज नगर के आजमगढ़ मार्ग स्थित एक होटल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में मोदी के नेतृत्व को सम्मान मिल रहा है। दूसरे देशों के नेता मोदी के सामने नतमस्तक होते हैं और मोदी जनता को सम्मान देते हैं। प्रदेश की योगी सरकार में गुंडे आज बिल में छुपे हुए हैं। डबल इंजन की सरकार नित नए मुकाम बना रही है। आयोजन में विधायक रमेश सिंह लोकसभा संयोजक जितेंद्र सिंह व पूर्व पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने अपने विचार रखें। अंत में जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने आगंतुकों प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा नेता व पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष श्याम जी गुप्ता, सभासद छेदीलाल वर्मा, अमरनाथ गौतम, आशिक अली, सेराज अहमद को जिलाध्यक्ष, लोकसभा प्रत्याशी और क्षेत्रीय विधायक ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंह, जितेन्द्र सिंह, सुशील मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव, प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह, उमेश तिवारी, पूर्व चेयरमैन ओम प्रकाश जायसवाल, गीता जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, सुरेश धुरिया, रीता जायसवाल, संदीप जायसवाल, विजय लक्ष्मी गुप्ता, चिंताहरण शर्मा, राजमती सरोज, नीलम अग्रहरि, धीरज पाटिल, वेद प्रकाश, देवी प्रसाद चौरसिया मंटू ,भुवनेश्वर मोदनवाल छोटू, , विनय सिंह, सर्वेश चौरसिया, अतिशबाज समाज फाउंडेशन के अध्यक्ष सिराज आतिशबाज ,बेलाल आतिश, शकील आतिश, इमरान आतिश, जावेद आतिश, बकरीदू आतिश, ज़ाहिद आतिश आदि प्रमुख रूप से उपस्थित,रहे।

# नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

संवाददाता

**जौनपुर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** शाहगंज नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था जेसीआई शाहगंज सिटी की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार देर रात संपन्न हुआ। 44वें शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष के तौर पर राम अवतार अग्रहरि ने शपथ ग्रहण किया। सचिव की जिम्मेदारी वीरेंद्र जायसवाल और कोषाध्यक्ष का पदभार उज्ज्वल सेठ संभालेंगे एमएम । इस मौके पर पांच नए सदस्यों ने भी सदस्यता ग्रहण की। पक्का पोखरा स्थित ज्योत्सना मैरेज लॉन में देर रात तक चले शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष रचना सिंह मौजूद रहीं ।कार्यक्रम की शुरुआत जेसी आस्था और लक्ष्य के पाठ से हुई । भाग्यश्री ने गणेश वंदना पर नृत्य किया । सचिव 2023 कार्तिक अग्रहरि ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद अध्यक्ष 2023 निर्भय जायसवाल ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर 2023 में उम्दा प्रदर्शन करने वाले और विशेष योगदान देने वाले जेसी साथियों और पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। इसके बाद अध्यक्ष 2023 निर्भय जायसवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राम अवतार अग्रहरि और उनकी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई । उपाध्यक्ष के तौर पर विवेक सोनी, हिमांशु गुप्ता, शुभम गुप्ता, अनूप सेठ, बालाजी राव और कार्तिक अग्रहरि ने शपथ ली । निदेशक पद पर डॉ प्रशांत, संदीप यादव, आशीष सोनी, मनीष बरनवाल, रवि अग्रहरि और अश्विनी यादव ने शपथ लिया । बबीता अग्रहरि ने फर्स्ट लेडी, वीरेंद्र जायसवाल ने सचिव, उज्ज्वल सेठ ने कोषाध्यक्ष, दीपक सिंह ने पीआरओ, आर्यन अग्रहरि ने जेजे चेयरमैन, आयुष अग्रहरि ने जेजे सचिव और रौनक मोदनवाल ने जेजे कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। नए सदस्य के रूप में रोहित अग्रहरि, उत्कर्ष, सुशील मोदनवाल, सुधीर अग्रहरि और रागिनी जायसवाल को मंडल अधिकारी अविनाश जायसवाल ने शपथ दिलाई । विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र सिंह बंटी ने कहा कि सफलता के लिए जरूरी है कि हम अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलें। धन्यवाद ज्ञापन कार्तिक अग्रहरि ने किया । संचालन सौरभ सेठ ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष प्रेम नारायण जायसवाल, हनुमान प्रसाद अग्रहरि, रूपेश जायसवाल, रमेश गुप्ता, लालचंद यादव, कैलाश नाथ जायसवाल, दिनेश चंद्र गांधी, उमाशंकर गुप्ता, संजीव जायसवाल, संजय गुप्ता, मनोज पांडेय, सभासद सिंपू अग्रहरी, कृष्णकांत सोनी ,अर्पित जायसवाल, दिवाकर मिश्रा, रविंद्र दुबे, अभिषेक अग्रहरि, दीपक जायसवाल, संदीप जायसवाल, देवी प्रसाद चौरसिया, आशीष प्रीतम और सर्वेश अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

## गड़बड़ा धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका

**मिर्जापुर, 18 मार्च (नवसत्ता)।** स्थानीय विकासखंड के गड़बड़ा धाम स्थित मां शीतला के दर्शन पूजन के लिए फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी तिथि के पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूरदराज से आएं श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में पहुंच कर दर्शन पूजन किया। भोर में मंगला आरती के बाद से ही मां शीतला का दरबार जयकारे से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने मां को नारियल, चुनरी ,माला- फूल चढ़ा कर मन्नतें मांगी।पूजा -अर्चना के बाद श्रृंगार के सामान, लाई, जलेबी, नारियल, चुनरी तथा लकड़ी व बांस के बर्तनों की जमकर खरीदारी की गई। मंदिर के पुजारी रामाश्रय मिश्र व मंगलधारी मिश्र ने बताया कि भोर में मंगला आरती के पश्चात मंदिर का पट खोल दिया गया था।